डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 59 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 06 फ़रवरी 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## क्या एक समय में एससी-एसटी परिवार के 3 सांसद हुए

### गांधी परिवार का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने पूछ लिया तीखा सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा- कुछ लोग जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। कोई बताए इस देश में कभी किसी एससी या एसटी परिवार के तीन सांसद एक समय में हुए हैं। गांधी परिवार से इस समय तीन सांसद हैं। राहुल और प्रियंका लोकसभा में और सोनिया गांधी राज्यसभा में सांसद हैं। पीएम ने राहुल का नाम लिए बिना कहा- गरीबों की झोपड़ी में फोटो सेशन कराने वालों को गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। राहुल गांधी ने सोमवार को कहा था- राष्ट्रपति का भाषण बोरिंग था। मोदी ने केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा- हमने भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर देश को बनाया, इस पैसे से शीश महल नहीं बनवाया।



### करीब सवा करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनीं

राष्ट्रपति जी ने लखपति दीदी की चर्चा की। तीसरी सरकार बनने के बाद 50 लाख से ज्यादा लखपति दीदी की जानकारी हम तक पहुंची है। टोटल करीब सवा करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। हमारा लक्ष्य 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। देश के गांवों में ड्रोन दीदी की चर्चा होती है। मनोवैज्ञानिक बदलाव आया। महिलाओं के हाथ में ड्रोन देखकर गांववालों को उन्हें देखने का नजरिया बदला। आज ये लाखों रुपए कमाने लगी हैं।

### राष्ट्रपति के खिलाफ बोलना विकृत मानसिकता

राष्ट्रपति जी के भाषण के बाद, एक महिला, एक गरीब का सम्मान न कर सकें आपकी मर्जी है, लेकिन क्या-क्या कहकर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। मैं राजनीतिक हताशा समझ सकता हूं, लेकिन एक राष्ट्रपति के खिलाफ। क्या कारण है। आज भारत इस प्रकार की विकृत मानसिकता को छोड़कर विमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर आगे बढ़ रहा है। आधी आबादी को पूरा अवसर मिले तो भारत दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ सकता है। ये मेरा विश्वास है। पिछले 10 साल में सेल्फ हेल्प ग्रुप में 10 करोड़ नई महिलाएं जुड़ी हैं, ये वंचित परिवारों से हैं, ग्रामीण बैकग्राउंड से हैं। उनका सामाजिक स्तर ऊपर उठा, सरकार ने इनकी मदद 20 लाख तक बढ़ा दी है। यहां विदेश नीति की भी चर्चा हुई, कुछ लोगों को लगता है कि जब तक फॉरेन पॉलिसी न बोलें, तब तक मेच्योर नहीं लगेंगे।

## यूपी में 2 मालगाड़ियां टकराईं, दोनों लोको पायलट गंभीर

- रेड सिग्नल पर एक ट्रेन खड़ी थी, पीछे से दूसरी ने टक्कर मारी

फतेहपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में दो मालगाड़ियों में भिड़ंत हो गई। एक मालगाड़ी ट्रैक पर खड़ी थी, तभी पीछे से आई दूसरी मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे खड़ी मालगाड़ी का इंजन और गार्ड का डिब्बा ट्रैक से नीचे जा गिरे। हादसे में दोनों ट्रेनों के लोको पायलट गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार



सुबह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर हुई। इस पर सिर्फ मालगाड़ियां ही चलती हैं। ऐसे में यात्री ट्रेनों पर घटना का असर नहीं हुआ। रेलवे के सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। दोनों ट्रेनों के लोको पायलटों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत और बचाव के लिए टीम पहुंच गई। ट्रैक को क्लियर किया जा रहा है। हादसा कानपुर-फतेहपुर के बीच खागा में पांभीपुर के पास अप लाइन पर हुआ। रेड सिग्नल पर खड़ी थी गाड़ी:अफसरों ने बताया कि ट्रैक पर रेड सिग्नल था। एक मालगाड़ी खड़ी थी। तभी अचानक पीछे से दूसरी मालगाड़ी तेज रफ्तार में आई और टक्कर मार दी।

## उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी जल्द आएगा यूसीसी

### सीएम भूपेंद्र पटेल ने किया 5 सदस्यीय कमेटी का ऐलान

अहमदाबाद (एजेंसी)। उत्तराखंड के बाद अब एक और बीजेपी शासित राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किए जाने की तैयारी है। इस राज्य का नाम गुजरात है और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसका ऐलान किया है। इसे लेकर एक कमेटी भी बनाई गई है।



बताना होगा कि इससे पहले उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर दिया गया है। अब गुजरात भी इस दिशा में आगे बढ़ने जा रहा है। भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने और कानून बनाने के लिए पांच सदस्यीय पैनल गठित करने की घोषणा की है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,सर्वोच्च न्यायालय की रिटायर्ड जज रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार आगे फैसला लेगी। कमेटी की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा,भारतीयता हमारा धर्म है और संविधान हमारा पवित्र ग्रंथ है। जैसा कि हम संविधान के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में एक समान कानून लागू करने का फैसला किया है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मतलब है देश में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए समान कानून होना, चाहे उनका धर्म, जाति और जेंडर कुछ भी हो।

## फ्रांस के बाद अमेरिका जा सकते हैं पीएम मोदी

- 13 फरवरी को ट्रम्प से मुलाकात, डिनर होस्ट कर सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 13 फरवरी को मोदी और ट्रम्प के बीच मुलाकात हो सकती है। इस यात्रा के दौरान ट्रम्प, पीएम मोदी के लिए डिनर भी होस्ट कर सकते हैं। मोदी फ्रांस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद 12 फरवरी की शाम को वाशिंगटन डीसी पहुंचेंगे और 14 फरवरी तक



वॉशिंगटन में रहेंगे। पीएम इस दौरान अमेरिकी बिसजेसमैन और भारतवंशी समुदाय से भी मुलाकात कर सकते हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 27 जनवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहली बार था जब उन्होंने पीएम मोदी से बातचीत की थी।

## अमेरिका से डिपोर्ट 205 भारतीय आज पहुंचेंगे अमृतसर

### इमिग्रेशन-बैकग्राउंड चेक होगा, क्रिमिनल निकले तो एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तारी

अमृतसर (एजेंसी)। अमेरिका में नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के साथ ही वहां अवैध तरीके से घुसे लोगों को उनके देशों में वापस भेजने का काम शुरू हो गया है। अमेरिकन एजेंसियों ने इस तरह के जिन लोगों को आईडेंटिफाई किया है, उनमें कई भारतीय भी हैं। ऐसे ही 205 भारतीयों को लेकर अमेरिकी मिलिट्री का एक विमान मंगलवार को सैन एंटोनियो से अमृतसर के लिए रवाना हुआ। यह सी-17 विमान बुधवार सुबह अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड होगा। अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यह विमान बुधवार सुबह तकरीबन 9 बजे पहुंचने का अनुमान है। अमृतसर जिला प्रशासन से जुड़े एक सीनियर अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके पास अभी तक डिपोर्ट होकर आ रहे 205 भारतीयों को डिटेन करने का कोई आदेश नहीं आया है। अमृतसर एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी विमान में आ रहे सभी लोगों के अमृतसर एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट्स चेक किए जाएंगे। इमिग्रेशन वगैरह के



अलावा इन लोगों का पूरा बैकग्राउंड, खासकर क्रिमिनल रिकॉर्ड भी चेक किया जाएगा। अगर किसी का क्रिमिनल रिकॉर्ड निकला तो उसे एयरपोर्ट में ही अरेस्ट कर लिया जाएगा। इस प्रोसेस में पूरा दिन लग सकता है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका से डिपोर्ट हुए इन भारतीयों में कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं, जो भारत में कोई न कोई क्राइम करके अमेरिका निकल गए हों। इस बीच, अमेरिका में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि अमेरिकन एजेंसियों ने 538 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है।

## परमाणु बम हासिल करने में जुटा बड़ा शिया मुल्क

### अमेरिकी की खुफिया रिपोर्ट में सामने आया सच

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि ईरान के वैज्ञानिकों की एक गुप्त टीम परमाणु हथियार विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। हाल ही में खुफिया आंकलन से अमेरिकी अधिकारियों को इसके बारे में



जानकारी मिली है। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन प्रशासन के अंतिम महीनों के दौरान जुटाई गई खुफिया जानकारी को ट्रंप प्रशासन के साथ साझा किया गया है।

## महाराष्ट्र के सरकारी दफ्तरों में अब मराठी अनिवार्य

- नोटिस और निर्देश भी इसी भाषा में होंगे, उल्लंघन करने वालों पर ऐक्शन होगा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार ने गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिसों में हर तरह के संवाद के लिए मराठी को अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक सभी नगरीय निकायों, सरकारी निगमों और सहायता प्राप्त संस्थानों में भी मराठी का इस्तेमाल जरूरी होगा। यह नियम पूरे राज्य में



निर्देश बोर्ड और डॉक्यूमेंटेशन पर भी लागू किया गया है। राज्य के योजना विभाग ने 3 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई अधिकारी इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। सरकार की मराठी भाषा नीति को पिछले साल मंजूरी मिली थी। इस नीति का उद्देश्य भाषा का संरक्षण, प्रचार और विकास करना है, ताकि मराठी का उपयोग सरकारी कामकाज में बढ़ाया जा सके। सरकारी दफ्तरों, नगर निकायों, निगमों और पब्लिक ऑफिस के कंप्यूटर की-पैड और प्रिंटर पर रोमन के साथ मराठी देवनागरी लिपि में टैक्स्ट लिखना होगा।

## भारत का 'एआई' वार, चीन की भी बढ़ जाएगी टेंशन!

### देश का यह नया 'हथियार' निकालेगा अमेरिका-यूरोप समेत सबकी हवा

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूनान यानी ग्रीस के एक मशहूर दार्शनिक हुए प्लेटो। उनके एक दोस्त थे, जिन्होंने मशीनी कबूतर बनाया, जो आवाज से चलता था। यह बात करीब 2800 साल पहले की है। हालांकि, इसके पहले भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विचार उस वक्त जन्म ले चुका था, जब दार्शनिकों ने जीवन और मृत्यु के प्रश्नों पर विचार किया था। प्राचीन काल में आविष्कारकों ने 'ऑटोमेटन' नामक चीजें बनाईं जो मशीनी होते हुए भी इंसान के दखल के बिना ही चलती थीं। ऑटोमेशन शब्द प्राचीन ग्रीक से आया है और इसका अर्थ है-अपनी इच्छा से कार्य करना। यहीं से एआई का जन्म हुआ। हाल ही में चीन की एक कंपनी डीपसीक के एआई-पावर्ड चैटबॉट ने अमेरिका में तलहका मचा दिया था।



अमेरिका में जनवरी के आंकड़ों के मुताबिक ये एपल के स्टोर से सबसे ज्यादा मुफ्त में डाउनलोड होने वाला ऐप बन गया है। ये समस्याओं को हल करने और भविष्य की घटनाओं का अनुमान लगाते हैं। मशीन यानी कंप्यूटर, को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाता है कि वह नई चीजें सीख सके। सवालों का हल निकाल सके और विश्लेषण कर सके। अब अपना देश भारत भी एआई के मैदान में कूद गया है। भारत का यह हथियार चीन समेत दुनिया के हर देश की हवा निकालने में सक्षम होगा। माना जाता है कि भारत के इस एआई वर्जन से चीन भी टेंशन में है। भविष्य में सुव्यवस्थित और सुधार करने के लिए यह अपने अतीत से सीखकर काम करते हैं।

## हरियाणा के 50 गांवों के किसान जल लेकर पहुंचेंगे खनौरी

- महापंचायतों को लेकर बनेगी रणनीति, डल्लेवाल का अनशन जारी



चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 71वें दिन में प्रवेश कर गया है। वह सिर्फ पानी पी रहे हैं। इसी सिलसिले में आज मंगलवार को हरियाणा के 50 से ज्यादा गांवों के किसान अपने खेतों से पानी लेकर मोर्चे पर पहुंचेंगे। डल्लेवाल उसी पानी का सेवन करेंगे। दूसरी तरफ, किसान 11 से 13 फरवरी तक होने वाली किसान महापंचायतों को सफल बनाने के लिए रणनीति बना रहे हैं।

## दिल्ली चुनाव से पहले हम पर बनाया जा रहा दबाव

### इलेक्शन कमीशन ने आम आदमी पार्टी के आरोप का दिया जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियों के बार-बार दबाव बनाने और आरोपों पर अपनी बात रखी। ईसी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, 3 सदस्यीय आयोग ने एक साथ महसूस किया है कि दिल्ली चुनावों में चुनाव आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। आयोग ने कहा, रणनीति इस प्रकार है कि मानो ईसी एक एकल सदस्यीय निकाय है। आयोग ने संवैधानिक तरीके से आरोपों का बुद्धिमत्ता के साथ धैर्यपूर्वक सामना किया और इससे प्रभावित नहीं हुआ है। हालांकि, अपने इस बतान में आयोग ने किसी भी पार्टी का नाम लिया है। आयोग ने कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव साफ-सुथरे होंगे। इसके लिए 1.5 लाख कर्मी तैनात किए गए हैं।




दरअसल, एएपी और सीएम आतिशी ने आज सुबह आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहा है। वह भाजपा को सपोर्ट कर रहा है। पार्टी ने यह आरोप तब लगाया था, जब दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह सीएम आतिशी पर आचार संहिता के उल्लंघन पर केस दर्ज किया। इस पर आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

## पाकिस्तान से 400 हिंदुओं की अस्थियां भारत पहुंचीं

- 8 वर्षों से श्मशान में मोक्ष प्राप्ति के इंतजार में थीं, महाकुंभ योग में वीजा मिला

अमृतसर (एजेंसी)। पाकिस्तान में कराची के पुराने गोलिमार क्षेत्र के हिंदू श्मशान घाट में वर्षों से अस्थि कलशों में रखीं 400 हिंदू मृतकों की अस्थियां सोमवार (3 फरवरी) को अमृतसर के वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते भारत पहुंचीं। ये अस्थियां करीब 8 साल से श्मशान में रखी थीं। परिजन को इन्हें गंगा में प्रवाहित करने का इंतजार था। महाकुंभ योग में भारत का वीजा मिलने के बाद रविवार (2 फरवरी) को कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा हुई। इसके बाद परिजन ने अस्थियों को अंतिम विदाई दी, ताकि मोक्ष के लिए इन्हें गंगा में विसर्जित किया जा सके। इससे पहले, बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुराने कराची के गोलिमार श्मशान घाट पहुंचे थे, जहां अस्थि कलशों के लिए विशेष प्रार्थना की गई। जिन परिवारों को



अपने प्रियजनों की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जित करनी थीं, वे श्मशान घाट पहुंचे, क्योंकि भारत में अस्थि विसर्जन के लिए श्मशान घाट की पर्ची और मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र अनिवार्य था। कराची के निवासी सुरेश कुमार अपनी मां सील बाई की अस्थियों को हरिद्वार ले जाने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बीते सप्ताह तब राहत की सांस ली, जब उन्हें पता चला कि भारत सरकार ने 400 हिंदू मृतकों की अस्थियों के लिए वीजा जारी कर दिया है। उनकी मां की मृत्यु 17 मार्च 2021 को हुई थी, और परिवार ने उसी समय भारत के वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन मंजूरी मिलने में काफी देरी हुई। सुरेश ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ का इंतजार करने का फैसला किया था, जो हर 144 साल में एक बार आता है। यह 12 कुंभ मेलों के पूरे होने का प्रतीक है और इस बार यह 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच हो रहा है, जिससे हमारे धार्मिक और अंतिम संस्कार से जुड़े अनुष्ठान पूरे करने के लिए हमें 45 दिनों की अवधि मिल रही है।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## कश्मीर में आतंक के खिलाफ सुरक्षा बलों ने बढ़ा दी चौकसी

जम्मू-कश्मीर में अक्सर ऐसा लगता है कि आतंकवादियों के खिलाफ गहन अभियान से धीरे-धीरे उनकी गतिविधियां खत्म हो जाएंगी। मगर आए दिन मुठभेड़ों में आतंकवादियों के मारे जाने की घटनाएं जहां यह बताती हैं कि सुरक्षा बलों की ओर से सख्ती और चौकसी बढ़ी है, वहीं इससे यह भी पता चलता है कि आज भी आतंकी संगठनों की उपस्थिति बनी हुई है और वे अपना आतंक कायम रखने के लिए किसी की हत्या कर देते हैं। हालांकि कई बार उनके हमलों से यह भी साफ होता है कि वे स्थानीय समुदायों को या तो डरा कर रखना चाहते हैं या फिर अपना साथ न देने पर प्रकारांतर से उनसे बदला लेने की कोशिश करते हैं।

इसी क्रम में सोमवार को कुलगाम के बेहीबाग इलाके में आतंकवादियों ने एक सेवानिवृत्त फौजी लांस नायक के परिवार पर हमला कर दिया। इसमें पूर्व फौजी की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गईं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों की तलाशी का अभियान शुरू किया।

जाहिर है, यह आतंकवादियों की ऐसी रणनीति है, जिसका सामना करने और उन पर काबू पाने के लिए भी सख्त उपाय करने होंगे। हाल के वर्षों में वहां आतंकी हमलों की प्रकृति में जिस तरह के बदलाव देखने को मिले हैं, उससे साफ है कि उनके बीच हताशा बढ़ रही है और इसी वजह से उनके हमलों में अब बेलगाम हिंसक प्रतिक्रिया ज्यादा दिख रही है।

ताजा हमले के समांतर ही हर कुछ समय के बाद रोजी-रोटी की उम्मीद में वहां जाने वाले मजदूरों या बाहरी लोगों की लक्षित हत्या करने की घटनाएं यह बताती हैं कि महज खौफ पैदा करना आतंकी संगठनों की सीमा रह गई है। घात लगा कर सैन्य शिविरों पर हमले करने की घटनाओं के जरिए वे अपने को एक मजबूत पक्ष के रूप में दर्शाना चाहते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उनकी गतिविधियां ऐसी भूख को दर्शाती है, जो आखिर में अपनों को भी उसकी आग में खाक करती है।

पिछले कुछ समय में जम्मू-कश्मीर की सीमा में घुसपैठ के मोर्चों पर सुरक्षा बलों ने लगातार बंदिश लगाई है, आतंकियों को रोका है या फिर मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी शह पर और वहां स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय संजाल को भारतीय सेना ने सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था।

# ट्रम्प ने मिलिट्री प्लेन से कैदियों की तरह भारतीयों को वापस भेजा !



5 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे। अमृतसर के श्री गुरु रामदासजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिका का C-17 ग्लोबमास्टर प्लेन लैंड हुआ। इसमें से 104 अवैध भारतीय अप्रवासी उतरे, जिन्हें ट्रम्प सरकार ने कैदियों की तरह जबरन डिपोर्ट किया है।

20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर ट्रम्प ने कहा, 'हम बुरे, खूंखार अपराधियों को बाहर निकाल रहे हैं। ये हत्यारे हैं। ये सबसे बुरे हैं, जितने आप सोच नहीं सकते। हम सबसे पहले उन्हें बाहर निकाल रहे हैं।'

ट्रम्प ने 'लैकेन रिले एक्ट' पर साइन किया, जिससे अमेरिकी अधिकारियों को उन अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लेकर डिपोर्ट करने का अधिकार मिला, जो किसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इसके बाद 15 लाख अवैध अप्रवासियों की लिस्ट तैयार की गई, जिसमें 20,407 हजार भारतीय भी हैं।

24 जनवरी को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर हथकड़ी लगे प्रवासियों की तस्वीरें पोस्ट की थीं। जो एक-दूसरे से बंधे हुए थे और एक सैन्य विमान की ओर बढ़ रहे थे।

30 जनवरी 2025 को अमेरिका ने 80 अप्रवासियों को टेक्सास से ग्वाटेमाला भेजा था। इन अप्रवासियों की तस्वीरें भी जारी हुई थीं, जिसमें उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां बंधी हुई थीं।

ट्रम्प प्रशासन ने भारत के अवैध अप्रवासियों की पहली खेप भी मिलिट्री विमान से भेजी। उनकी कोई फोटो या वीडियो मौजूद नहीं है, जिससे ये कन्फर्म नहीं कि भारतीयों को हथकड़ी-बेड़ी पहनाई गई थी या नहीं। हालांकि, अभी तक सरकार ने इसका खंडन भी नहीं किया गया है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीयों को हथकड़ी लगाए जाने और अपमानित किए जाने की तस्वीरें देखकर मुझे दुख होता है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनाव में अवैध अप्रवासियों को देश से निकालने का वादा करते हुए अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा डिपोर्टेशन करने को कहा था। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देशों से लोग अमेरिका में अवैध तरीके से घुसकर अपराध करते हैं। यहां नौकरियों के बड़े हिस्से पर अप्रवासियों का कब्जा है, इससे अमेरिकी लोगों को नौकरी नहीं मिलती।

कांग्रेस नेता शशि थरूर के मुताबिक अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करना कोई अनोखी बात नहीं है। बाइडेन प्रशासन ने भी 1 साल में 1100 अप्रवासियों को भारत वापस भेजा था।

अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक बाइडेन सरकार ने 1,100 भारतीय अप्रवासियों को भारत वापस भेजने के लिए चार्टर्ड प्लेन और कॉमर्शियल फ्लाइट का इस्तेमाल किया था। इनमें सिर्फ पुरुष और महिलाएं थीं। अवैध अप्रवासियों के बच्चे शामिल नहीं थे।

ट्रम्प ने अक्सर अवैध अप्रवासियों को 'एलियन' और 'अपराधी' कहा है, जिन्होंने अमेरिका पर हमला किया। सैन्य विमान से अप्रवासियों को भेजने का उद्देश्य इस ओर इशारा करता है कि ट्रम्प ऐसे अपराधों के प्रति सख्त हैं।

24 जनवरी को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रम्प पूरी दुनिया को एक मजबूत और स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि अगर आप अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते हैं, तो आपको गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।'

फॉरेन एक्सपर्ट ए.के. पाशा के मुताबिक जिस तरह ट्रम्प ने अवैध अप्रवासियों को कैदियों की तरह भारत वापस भेजा, इससे साफ जाहिर हो रहा है कि वे भारत को एक कमजोर देश समझते हैं। अपने आक्रामक रुख से वो भारत को दबाव में लाना चाहते हैं।

21 जनवरी को वॉशिंगटन डीसी में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मुलाकात हुई थी। तब मार्को ने अवैध भारतीय प्रवासियों का मुद्दा उठाया था। इस पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि भारत उन प्रवासियों को वापस लेने को तैयार हैं, जो अधूरे या बगैर दस्तावेज के अमेरिका पहुंचे थे। एस. जयशंकर ने कहा, 'भारत जांच कर रहा है कि अमेरिका में कितने भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं और इन्हें वापस भेजा जा सकता है या नहीं।'

ए.के. पाशा के मुताबिक, 'पहले भी अवैध अप्रवासी डिपोर्ट किए गए हैं, लेकिन उन्हें इस तरह स्वीकार करना सरकार का डिप्लोमैटिक फेल्योर है। विदेश मंत्री को यह सुनिश्चित करना जरूरी था कि अमेरिका अवैध अप्रवासियों को किस तरह भेजेगा। अगर यह पहले तय हो गया होता तो आज भारत के लोगों के हाथों में हथकड़ियां नहीं होतीं और उन्हें सैन्य विमान से बड़े अपराधियों की तरह डिपोर्ट नहीं किया जाता।'

ट्रम्प ने जब कोलंबिया के अवैध प्रवासियों को अमेरिकी सेना के विमान से उनके देश वापस भेजने की घोषणा की तो कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेड्रो ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि वो अपने नागरिकों की 'गरिमा' को बनाए रखना चाहते हैं। इसके बाद कोलंबिया वायु सेना के दो विमान अमेरिका गए और वो अवैध प्रवासियों को लेकर राजधानी बोगोटा पहुंचे।

विदेश मामलों के जानकार और JNU के प्रोफेसर राजन कुमार कहते हैं, भारत ट्रम्प के इस रवैये पर खामोश है, क्योंकि PM मोदी और ट्रम्प की मुलाकात होने वाली है। भारत अभी कोई बयान देकर नया विवाद खड़ा नहीं करना चाहता। अगर भारत के किसी बयान से ट्रम्प नाराज हो गए तो यह मुलाकात रद्द हो सकती है।'

BHU में यूनेस्को चेयर फॉर पीस के प्रोफेसर प्रियंकर उपाध्याय का कहना है कि PM मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मुलाकात से अप्रवासियों का डिपोर्टेशन नहीं रुकेगा। भारत इस स्थिति में नहीं है कि अप्रवासियों की वापसी पर रोक लगा सके। अमेरिका सुपर पावर है और बीते कुछ दिनों से अमेरिका और भारत के रिश्तों में दरार पड़ने लगी है। ऐसे में PM मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले को चुनौती नहीं देंगे।

प्रियंकर उपाध्याय कहते हैं कि भारत का अपने पड़ोसी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ दोहरा रवैया है। बांग्लादेश के अप्रवासियों को लेकर सरकार का नजरिया सख्त रहा है, लेकिन अमेरिकी अप्रवासियों के लिए मोदी सरकार ने हामी भर दी, क्योंकि यह इकोनॉमिक माइग्रेंट्स हैं। आसान भाषा में समझें तो यह वो लोग हैं जो अमेरिका में पैसा कमाने के लिए गए थे। इसलिए PM मोदी, ट्रम्प से इस विषय में बात नहीं करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका में अभी 20,407 अवैध भारतीय अप्रवासी ऐसे हैं जिन्हें डिपोर्टेशन का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से 17,940 भारतीय लोगों को निकालने के लिए अंतिम आदेश जारी किया जा चुका है। वहीं 2,467 भारतीयों को अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग (ICE) ने हिरासत में ले रखा है।

प्यू रिसर्च सेंटर की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में लगभग 7.25 लाख अवैध भारतीय अप्रवासी रहते हैं। यह आंकड़ा अवैध प्रवासियों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या है।

अप्रवासियों के लौटने का खर्च भारत नहीं, बल्कि ट्रम्प सरकार उठा रही है। ग्लोबमास्टर C-17 के भारत का एक चक्कर लगाने में करीब 6 करोड़ रुपए का खर्च आया है। ये सामान्य चार्टर्ड उड़ान से लगभग छह गुना ज्यादा है।

आज 104 लोगों को C-17 सैन्य विमान से भेजने का खर्च 6 करोड़ रुपए रहा। यानी एक व्यक्ति का खर्च 5.76 लाख रुपए है। अमेरिका को 20 हजार अवैध अप्रवासियों को भारत भेजने के लिए 1.2 हजार करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। इसके लिए C-17 सैन्य विमान को लगभग 193 चक्कर लगाने होंगे। अमेरिकी रक्षा विभाग डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस (DOD) अप्रवासियों को हटाने की मुहिम में 4 मिलिट्री एयरक्राफ्ट्स का इस्तेमाल कर रही है। इनमें दो C-17 और दो C-130E विमान शामिल हैं।

## मंथन

विकेश कुमार बडोला




### आध्यात्मिक जीवंतता का वाहक महाकुंभ

कुंभ का शब्दार्थ है घड़ा अर्थात कलश। कुंभ का जीवनार्थ है- काया व मन को पंचतत्त्वों के प्रत्यक्ष स्पर्श में लाकर आत्मसाधना की ओर अग्रसर होना। कुंभावधि में जल नामक तत्त्व गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर अमृतोन्मुखी हो उठता है। कुंभ के वृहद् स्वरूप महाकुंभ में जलतत्त्व के अमृत संपर्क में आकर आत्ममुखी होने का अवसर है महाकुंभी आयोजन। गत तेरह जनवरी से प्रारंभ हुई यह आस्थायात्रा 26 फरवरी 2025 तक चलेगी। अट्ठारह पुराणों से होते हुए चार वेदों तथा असंबद्ध रूप में 108 व मुख्यतः 13 उपनिषदों में समाहित (पंचांग- तिथि, वार, नक्षत्र, योग तथा करण; पंचतत्त्व- नभ, पृथ्वी, वायु, जल तथा अग्नि) संस्थिति द्वारा शुभाशुभ समय के निर्धारण के उपरांत नियत महाकुंभ आयोजन की पौराणिक कथा मूलतः विष्णु पुराण में पुरोल्लिखित हुई थी। इसके अनुसार, महर्षि दुर्वासा के श्राप द्वारा स्वर्ग ऐश्वर्य, धन, वैभव, इत्यादि से रहित हो गया था। फलतः इन्द्रादि देवता शक्तिहीन हो गये। सहायतार्थ देवताओं ने भगवान विष्णु की शरणागति की। भगवान ने उन्हें असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन का उपाय बताया। मंथन से अमृत प्राप्त होगा, जिसका पान करके वे सभी अमर हो जाएंगे। असुर राजा बलि को देवताओं ने यह युक्ति बताई। वह भी अमरत्व के लोभवश समुद्र मंथन हेतु तैयार हो गया। देवासुरों ने वासुकि नाग की रस्सी बनाकर मंदराचल पर्वत की सहायता से सागर मथना प्रारंभ किया। परिणामस्वरूप एक-एक कर 14 रत्न निकले। इसी अमृत का पान करने दानव परस्पर छल-बल करने लगे। इस पारस्परिक संघर्ष में वे अमृतकुंभ लेकर यहां-वहां दौड़े। दौड़ाभागी में कुंभ से अमृत की बूंदें छलककर प्रयागराज, नासिक, उज्जैन एवं हरिद्वार में गिर पड़ीं। जिस क्रम में वे जहां गिरीं, वहीं उस स्थान पर समयक्रमानुसार छह वर्ष में अर्द्धकुंभ एवं बारह वर्षों में एक बार कुंभ का आयोजन होता है। तत्कालीन देवासुरों के विशाल अस्तित्व के अनुरूप सृजित अमृत की बूंदें आज के युग के मानवों हेतु नदी के समान ही हैं। प्रायः 12 वर्ष के समयचक्र में होने वाले कुंभ की समयावधि में बृहस्पति, सूर्य व चंद्रमा एक साथ एक दिशा एक स्थिति में विद्यमान होते हैं, किंतु बृहस्पति जब मकर राशि में तथा सूर्य व चंद्रमा अन्य शुभ स्थानों पर विराजित होते हैं, तब महाकुंभ का धरायण होता है। खगोलीय एवं ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 12 कुंभ घटियों के बाद 144 वर्ष का योग बनता है। इस बार यही संयोग है। कुंभ के पौराणिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ असीमित हैं। इन अर्थों को व्यक्तिगत योग चेतना के माध्यम से ही अनुभव किया जा सकता है। कुंभ का मर्म पापमुक्ति एवं मोक्षप्राप्ति से भी गहन है। यदि व्यक्ति के अंदर प्राकृतिक उत्सव में संचित होकर जीवन के प्रति अंतर्दृष्टि खोलने की उत्कट इच्छा है तो उसके लिए महाकुंभ सर्वोत्तम अवसर है। प्रकृति के पंचतत्त्वों में से एक है नीर। प्रत्यक्ष दिखाई देतीं नीरवाहिनी नदियां गंगा, यमुना व अदृश्य रूप में विद्यमान सरस्वती के संगम स्थल के प्रति आस्था, कृतज्ञता एवं सम्मान प्रदर्शित करने का विशाल, भव्य व अद्भुत सम्मेलन संसार में कहां है! इस पावन समय में यह स्थल अलौकिक शोभा एवं सौंदर्य के साथ चमत्कृत है। इस शुभघड़ी में तीनों सरिताओं के अमृतमय नीर द्वारा क्षयमान शरीर को चेतना प्रदान कर, मंगल स्नान कर और निज क्षमता से ध्यान धर कर व्यक्ति के मन में मौन होने, आध्यात्मिक होने का जो विचारबल प्रस्फुटित होता है, वास्तव में वही महाकुंभ का वास्तविक प्रसाद है। महाकुंभ का आस्थावान अंग केवल इसलिए नहीं बनना है कि काया संगम में डुबकी लगाएगी और व्यक्ति का लोक-परलोक सुधर जाएगा, बल्कि आवश्यकता कुंभगत प्राकृतिक प्रभाव को आत्मसात करने की है, ताकि जीवन-मृत्यु के मध्य घूर्णन करते मानवीय अस्तित्व के अंतिम शीर्ष लक्ष्य की ओर उन्मुख होने का आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो। मनुष्य का जीवन केवल भौतिक संघर्ष द्वारा ही परास्त नहीं होता। यह वैचारिक एवं मानसिक संघर्ष द्वारा भी अधि सीमा तक दुष्प्रभावित होता है। इन दोनों ही संघर्षों में आत्मबल वृहद् सहायक भूमिका में होता है। अध्यात्म की श्रेष्ठ उपलब्धियां जिन माध्यमों से साकार होती हैं, महाकुंभ की पारंपरिक उत्सवधर्मिता उनमें सर्वश्रेष्ठ है। साधु-संतों, ऋषियों-मुनियों की अंतर्दृष्टि में महाकुंभ त्याग, तपस्या, साधना, ध्यान, भक्ति, आस्था, प्रकृति के प्रति गहन समर्पण, लोक-समाज के लिए व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार दायित्व भावना के उदय तथा अंततः जीवन-मृत्यु के अबूझ कालचक्र से स्थायी मुक्ति प्राप्त करने का आध्यात्मिक उपाय है। कुंभ एक गहन आध्यात्मिक विस्तार है। महाकुंभ का मर्म अत्यंत वृहद् है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## मन का भोजन हमारे विचार हैं



संकलित

प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है।

*- राकेश यादव, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### पवित्र संगम में स्नान



प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### उपचुनाव में फर्जी वोट



मिल्कीपुर उपचुनाव में राय पट्टी अमानीगंज में फर्जी वोट डालने की बात अपने मुँह से कहने वाले ने साफ़कर दिया है कि भाजपा सरकार में अधिकारी किस तरह से धांधली में लिप्त है। कोई सबूत चाहिए क्या?

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### 'मंगल सेवा' का संकल्प



यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि मेरा बेटा जीत और बहू दिवा अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत एक पुण्य संकल्प से कर रहे हैं। दोनों ने प्रति वर्ष 500 दिव्यांग बहनों के विवाह में प्रत्येक बहन के लिए 10 लाख का आर्थिक सहयोग कर 'मंगल सेवा' का संकल्प लिया है।

-गौतम अदाणी, उद्योगपति

### जीवन की तरह है व्यवसाय



व्यवसाय, जीवन की तरह, विश्वास, साझेदारी और जोखिम लेने की भूख पर चलता है। शोले सिर्फ एक फिल्म नहीं, यह दोस्ती, साहस और सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ने का एक सबक है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### सुपरसोनिक विमानों की हो सकती है वापसी



पिछले सप्ताह के अंत में, अमेरिकी कंपनी बूम सुपरसोनिक ने अपने एक्सबी-1 सुपरसोनिक डेमोन्स्ट्रेटर विमान के साथ ध्वनि की गति से भी तेज उड़ान भरी। यह अब पहला पायलट वाला गैर-सैन्य विमान है जिसने 2003 में कॉनकॉर्ड के सेवा से हटने के बाद से ध्वनि अवरोध को तोड़ा है। यह बूम के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में पहला कदम है, जिसके तहत 2029 तक सुपरसोनिक एयरलाइनर यात्रियों को ले जा सकेंगे। लेकिन सुपरसोनिक यात्रा वास्तव में क्या है? प्रचार के बावजूद इसके अधिक प्रचलित न होने के कुछ कारण हैं। सुपरसोनिक उड़ान क्या है? 'मैक' संख्या को विमान की गति को ध्वनि तरंगों की गति से विभाजित करके परिभाषित किया जाता है। 'ध्वनि अवरोध को तोड़ने' का अर्थ है ध्वनि की गति से तेजउड़ान भरना, जिसमें मैक संख्या 1 से अधिक हो। मैक संख्या एक महत्वपूर्ण अनुपात है : जब विमान उड़ता है, तो यह अपने सामने की हवा को चीरता है। ये विक्षोभ ध्वनि की गति से चलते हैं। सुपरसोनिक उड़ान में ये विक्षोभ मिलकर यान के चारों ओर 'शॉक वेव' बनाती हैं। जब लोग कहते हैं कि आप लड़ाकू विमान की आवाज सुनने से पहले उसे देख सकते हैं, तो वे सुपरसोनिक उड़ान का उल्लेख कर रहे होते हैं : लड़ाकू विमान लगभग मैक 2 की गति से यात्रा कर सकते हैं।

## ऑफ बीट

### जलवायु से प्रभावित उत्पाद पृथ्वी पर हमेशा बने रहेंगे



जलवायु से प्रभावित उत्पाद अपूर्ण खाद्य पदार्थ जैसा दिखता है क्योंकि यह अक्सर छोटा, विकृत या सतही रूप से अपूर्ण होता है। अपूर्ण उत्पाद को ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो दिखने में बाजार के मानकों पर खरा नहीं उतरता। जलवायु से प्रभावित उपज का स्वाद और बनावट काफी भिन्न हो सकती है। सूखे के प्रभाव के कारण सेब अधिक मीठे और दानेदार हो सकते हैं, मिर्च अधिक तीखी और प्याज अधिक तीखे हो सकते हैं। हल्के या मध्यम सूखे के मामले में, ऐसी उपज खाने योग्य होती है। हाल के हमारे शोध से कुछ असहज बातों का पता चलता है। कई उपभोक्ता जलवायु प्रभावित उत्पादों से पूरी तरह बचना पसंद करते हैं और जब कीमत एक कारक है, तो वे छूट के बिना इसे नहीं चुनेंगे। लेकिन हमारा शोध यह भी सुझाव देता है कि किस तरह से ऐसी उपज की खरीद को प्रोत्साहित किया जा सकता है। हमने ताजा फल और सब्जियां खरीदने वाले उपभोक्ताओं के साथ दो अलग-अलग विकल्पों का इस्तेमाल किया। एक नमूना ऑस्ट्रेलियाई छात्रों से लिया गया, जबकि दूसरा व्यापक ऑस्ट्रेलियाई आबादी के सदस्यों से लिया गया। प्रतिभागियों को सेब के आठ अलग-अलग विकल्प दिखाए गए, जिन्हें मिठास और आकार समेत विभिन्न विशेषताओं के साथ वर्णित किया गया था।

रॉयल पत्रिका

# आईपीएल मैचों के दौरान सट्टेबाजी सामान्य बात

## -दिल्ली पुलिस के पूर्व कमिश्नर बोले- अंपायर तक शामिल होते थे
## -राजस्थान में सबसे ज्यादा सट्टेबाजी



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आज आखिरी दिन है। यहां पुलिस फाइल्स पर भारत के पूर्व विदेश सचिव विकास स्वरूप के साथ चर्चा में पुलिस अफसरों ने अपने अनुभव साझा किए। दिल्ली पुलिस के पूर्व कमिश्नर नीरज कुमार बोले-आईपीएल मैचों के दौरान सट्टेबाजी सामान्य बात हो गई। मैच के जरिए हजारों-करोड़ की बैटिंग की जाती है। इन सब के पीछे एक ही नाम था वह है दाऊद इब्राहिम, जो दुबई में बैठकर सारा डील कर रहा था। शुरुआती सत्र में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने उन पर लिखी किताब के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि प्रणब मुखर्जी इंदिरा गांधी के अंधभक्त थे। वे इंदिरा गांधी से पूछकर कपड़े पहनते थे। वहीं, अपने जीवन के आखिरी दिनों में वे कांग्रेस के हालात से परेशान थे। मैं भी हार्डकोर कांग्रेसी हूं और मौजूदा हालातों से मुझे भी परेशानी है। यह हर कांग्रेसी नेता के मन के हालात हैं। आज के सेशन में देश-दुनिया के विषयों पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। हार्वर्ड के प्रोफेसर विंसेंट ब्राउन, पूर्व राजनयिक और लेखक जॉन जुब्रजीकी, कला इतिहासकार और जेएनयू के प्रोफेसर नमन आहूजा, पत्रकार वीर सांघवी और 'इंटिमैसीज' की लेखिका केटी कितामुरा समेत अन्य वक्ता शामिल होंगे। फेस्टिवल के 2024 संस्करण की क्लोजिंग डिबेट का विषय होगा: क्या फ्री स्पीच तकनीक की निगरानी और निजता के उल्लंघन से बची रहेगी। दैनिक भास्कर जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का मीडिया पार्टनर है।

**आईपीएल के मैच में कैसे हुई सट्टेबाजी:-** नीरज कुमार ने बताया कि 2013 आईपीएल के एक मैच का जिक्र करना चाहता हूं कि मैच का अंतिम ओवर चल रहा था। दो बॉल बची थी, उसमें 17 रन बनाने थे। इस मैच में निश्चित तौर पर लाखों लोगों ने करोड़ों का सट्टा लगा रखा था। बोलिंग टीम को इसकी जानकारी थी। बॉलर को इसके लिए इंस्ट्रक्ट किया गया। यहां तक कि उस मैच में अंपायर को भी शामिल किया गया। वॉकी टॉकी के जरिए अंपायर तक मैसेज दिया गया कि वह बॉलर से या कहे कि वह वाइड बॉल फेंके। अगली गेंद बॉलर ने वाइड फेंका। उस बाल को नो बॉल करार दिया गया और बेटिंग साइड की जीत हुई।

**सट्टेबाजी के सबसे ज्यादा मामले राजस्थान में:-** नीरज कुमार बोले- सबसे ज्यादा सट्टेबाजी के मामले राजस्थान से सामने आ रहे थे। यह सब कुछ यहीं से शुरू हुआ, इसकी शुरुआत कोटा से हुई। कोटा में रजवाड़ा प्रीमियर लीग का आयोजन हो रहा था। इसे कई मशहूर लोगों की ओर से आयोजित किया जा रहा था। जो राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का पार्ट था। यूं कहे तो इन सब के पीछे राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन था। इसके बाद राजपूताना प्रीमियर लीग का आयोजन जयपुर में हो रहा था। उस वक्त मैं बीसीसीआई के करप्शन यूनिट को लीड कर रहा था। हमें लोकल पुलिस की मदद से न केवल प्राइवेट लीग को रुकवाया। बल्कि उसके पीछे जो भी प्राइम मूवर्स थे। उन सब को अरेस्ट करने का काम किया। उसी वक्त हमने 21 लोगों को गिरफ्तार किया। इस ऑपरेशन का रिजल्ट यह निकला की बहुत सारे लोग देश छोड़कर बाहर निकल गए। तब हमें इन्वेस्टिगेशन में पता चला कि यह जो जितने भी प्राइवेट लीग आयोजित किए जा रहे हैं। यह सारे फिक्सर्स कर रहे हैं। फिक्सर के लिए कर रहे हैं। T20 मैच में हजारों करोड़ की बैटिंग होती थी। यह सारे बहुत ही ऑर्गेनाइज तरीके से किए जाते थे।

**आईपीएल में सट्टा सामान्य बात:-** जेएलएफ के आखिरी दिन मुगल टेंट में पुलिस फाइल्स पर भारत के पूर्व विदेश सचिव विकास स्वरूप के साथ पूर्व पुलिस अधिकारी और प्रयास एनजीओ के फाउंडर अमोद के कांत, दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त नीरज कुमार, मुंबई क्राइम ब्रांच की पहली महिला पुलिस कमिश्नर मीरा बोरबंकर ने बातचीत की। तीनों ही ऑफिसर ने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे हाई प्रोफाइल केसेस को सॉल्व किया। इसमें बॉलीवुड एक्टर से लेकर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम तक के नाम शामिल थे। अपने एक फेमस केस का जिक्र करते हुए दिल्ली पुलिस पूर्व कमिश्नर नीरज कुमार बोले- 2013 में दाऊद इब्राहिम का नाम आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग में सामने आया। उन्होंने बताया कि आईपीएल मैच के दौरान जब लोगों की नजर टीवी स्क्रीन पर होती है। कई लोग परिवार के साथ बैठकर मैच देखते और किसी टीम के जीत या हार की भविष्यवाणी करते हैं। इसी तरीके का सट्टा बाहर भी लगता है। मैच के दौरान जगह-जगह पर सट्टेबाजी की घटनाएं सामने आती हैं। मैच के जरिए हजारों-करोड़ की बैटिंग की जाती है। आईपीएल में बैटिंग एक सामान्य सी बात हो गई है। ये सब बहुत ही ऑर्गेनाइज्ड तरीके से होता है। इसे हमने अपने इन्वेस्टिगेशन के दौरान प्रूफ भी किया। हमने जब जांच करना शुरू किया तो पता चला जो इन सारे रैकेट को चला रहा था। आईपीएल के दौरान चाहे वह कोई बुकी हो या फिक्सर। इन सब के पीछे एक ही नाम था वह है दाऊद इब्राहिम, जो दुबई में बैठकर सारा डील कर रहा था।

# जयपुर जेल में गैंगस्टर लॉरेंस से हुआ था इंटरव्यू

## Dausa के सिम कार्ड का हुआ इस्तेमाल, DSP बर्खास्त



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। पंजाब के एक टीवी चैनल द्वारा लिए गए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। यह इंटरव्यू 4 मार्च 2023 को जयपुर जेल में किया गया था, जिसमें Dausa के सिम कार्ड का उपयोग किया गया था। इस मामले में लापरवाही बरतने पर जयपुर जेल के तत्कालीन DSP को बर्खास्त कर दिया गया है।

कैसे हुआ इंटरव्यू?

जांच में सामने आया कि लॉरेंस बिश्नोई ने जयपुर जेल में रहते हुए Dausa के एक सिम कार्ड का इस्तेमाल कर इंटरव्यू दिया।

यह इंटरव्यू पंजाब के एक मीडिया चैनल को दिया गया था, जिससे कई सवाल उठे थे कि जेल के अंदर से गैंगस्टर कैसे बातचीत कर सकता है।

इस मामले में DSP अमर सिंह को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि अन्य जेल कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

केवल पंजाब में FIR, राजस्थान में नहीं हुई कोई कार्रवाई

चौंकाने वाली बात यह है कि राजस्थान में इस मामले को लेकर कोई FIR दर्ज नहीं हुई।

जबकि पंजाब में इस इंटरव्यू को लेकर केस दर्ज किया गया था।

सवाल उठ रहे हैं कि अगर इंटरव्यू जयपुर जेल में हुआ, तो राजस्थान पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की?

DSP अमर सिंह बर्खास्त, अन्य पर भी जांच जारी

इस मामले में राजस्थान पुलिस ने जयपुर जेल के तत्कालीन DSP अमर सिंह को लापरवाही के चलते बर्खास्त कर दिया है।

अन्य जेल कर्मचारियों की भूमिका की भी गहन जांच चल रही है।

बड़ा सवाल: जेल में मोबाइल कैसे पहुंचा?

यह मामला जेल सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाता है। कैसे एक कुख्यात गैंगस्टर के पास मोबाइल और सिम कार्ड पहुंचा?

अब जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि सिम कार्ड किसके नाम पर था और इसे जेल के अंदर कैसे पहुंचाया गया।

# निर्धारित मापदण्ड पूरा करने पर तहसील एवं उपतहसील बनाने पर विचार संभव - राजस्व मंत्री

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि निर्धारित मापदण्डों पूरा नहीं करने के कारण वर्तमान में गोलूवाला को उपतहसील से तहसील में तथा गंधेली व जाखड़ांवाली को उपतहसील में क्रमोन्नत नहीं किया जा सकता है। राजस्व मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के नियमानुसार तहसील बनाने के लिए 30 पटवार मंडल एवं 6 व 8 पटवार मंडलों पर एक भू अभिलेख निरीक्षक होना आवश्यक है। इसी प्रकार उप तहसील बनाने के लिए 15 पटवार मंडल तथा 6-8 पटवार मंडलों पर एक भू अभिलेख निरीक्षक होना आवश्यक है। इससे पहले विधायक श्री विनोद कुमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में राजस्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान में गोलूवाला उप तहसील में 3 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त एवं 12 पटवार मण्डल स्थित हैं, जो मण्डल द्वारा तहसील के लिए निर्धारित मापदण्डों को पूर्ण नहीं करती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गंधेली व जाखड़ांवाली को उप तहसील बनाने संबंधी कोई प्रस्ताव राजस्व विभाग में विचाराधीन नहीं है।

# जयपुर-बीकानेर हाईवे पर बड़ा हादसा

## -स्कूल बस पुलिया से नीचे गिरी...एक की मौत



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे NH-52 स्थित वीर हनुमान मार्ग पुलिया के पास स्कूल बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। इस हादसे में एक की मौत हो गई। जयपुर-बीकानेर हाईवे (NH-52) पर जयपुर के चौमूं में स्कूल बस पुलिया से नीचे गिर गई। इस हादसे में 12वीं की छात्रा की मौत हो गई, जबकि 9 बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। आनन-फानन सभी घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं। हादसा बस का ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। बस में 25-30 बच्चे सवार थे। बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे NH-52 स्थित वीर हनुमान मार्ग पुलिया के पास स्कूल बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। इस हादसे में छात्रा कोमल देवंदा (18) पुत्री शिशुपाल देवंदा, निवासी रामपुरा, डाबड़ी (चौमूं) की मौत हो गई। कोमल कक्षा 12वीं की स्टूडेंट थी।

**धमाका सुनकर लोग पुलिया की ओर दौड़े:-** सूचना मिलते ही चौमूं पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायल बच्चों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल छह बच्चों को शहर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा व रवि शर्मा ने बताया- खेल स्टेडियम में मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान तेज धमाके की आवाज आई और बस पलट गई। मौके पर पहुंचे तो बच्चे चीख रहे थे।

# पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों को मिलेगा मुफ्त इलाज




जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार ने पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। अब इन शरणार्थियों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। इसके तहत वे दवाइयों, जांचों और इलाज की अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

**सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा :-** सरकार के इस फैसले के तहत पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी जो लॉन्ग टर्म वीजा (LTV) पर भारत में रह रहे हैं, उन्हें राज्य के सरकारी अस्पतालों में निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं दी जाएंगी।

**हजारों शरणार्थियों को होगा फायदा :-** राजस्थान में हजारों की संख्या में पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी रह रहे हैं, जिनके पास नागरिकता नहीं है। इस वजह से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब सरकार ने राजस्थान स्वास्थ्य योजना के तहत उन्हें भी शामिल कर लिया है, जिससे वे सरकारी अस्पतालों में इलाज करा सकेंगे।

**सरकार का क्या कहना है? :-** अधिकारियों के अनुसार, "यह योजना उन शरणार्थियों के लिए मददगार साबित होगी, जो महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते। वे अब किसी भी सरकारी अस्पताल में मुफ्त में इलाज करा सकते हैं।"

**पहले भी मिलती रही है मदद:-** गौरतलब है कि राजस्थान सरकार इससे पहले भी पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के पुनर्वास और सुविधाओं को लेकर कई कदम उठा चुकी है। अब इस नई योजना से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

# सवाल-जवाब पर 8 मिनट हुई बहस

## -पक्ष स्पीकर के खिलाफ; विपक्ष स्पीकर के साथ, क्यों-कैसे?



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा में बुधवार को प्रश्नकाल की शुरूआत ही हंगामे और बहस से हुई। प्रश्न में लिखित उत्तर पढ़ा माना जाए या नहीं इसपर 8 मिनट तक बहस चली। प्रश्नकाल के दौरान लिखित उत्तर को पढ़ा माना जाए या नहीं, इसपर सदन में पूरे 8 मिनट बहस चलती रही। दरअसल, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने आसन से व्यवस्था दी थी कि प्रश्नकाल में जो लिखित उत्तर विधानसभा सदस्य को मिल चुका है, उसे सदन में फिर से पढ़ने की जरूरत नहीं है। ऐसा करने से समय बचेगा। लेकिन विधायकों की यह मांग थी कि उत्तर को पढ़ा जाना चाहिए। इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि सोमवार को आसन सदन की स्वीकृति से तय कर चुका है कि प्रश्न का लिखित उत्तर सदस्यों के पास आ गया, फिर उस लिखित उत्तर को सदन में पढ़ने की आवश्यकता नहीं, उस उत्तर को पढ़ा हुआ माना जाना चाहिए। लेकिन संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि सभी सदस्यों के पास लिखित उत्तर नहीं पहुंचता है। इसके साथ जब उत्तर सदन में नहीं पढ़ा जाता तो मंत्री का जवाब रिकॉर्ड पर नहीं आता है। ऐसी स्थिति में लिखित उत्तर पढ़ा जाना चाहिए। इस पर देवनानी ने कहा कि लिखित उत्तर सभी सदस्यों के पास पहुंचता है। ऐसे में लिखित उत्तर नहीं पढ़ने से समय की बचत होगी। स्पीकर वासुदेव जब फिर से यह व्यवस्था दे रहे थे तो शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी बहस में कूद पड़े। उन्होंने कहा कि बहस में लिखित उत्तर पढ़ना जरूरी होना चाहिए। जोगाराम पटेल ने सदन के नियमों की किताब दिखाते हुए कहा कि इसमें भी लिखित उत्तर पढ़ने का उल्लेख है। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले भी सदन में आसन से दी गई व्यवस्था है। इसमें लिखित उत्तर पढ़ने की जरूरतें नहीं दिखती, यह सदन की परंपरा रही है। अगर प्रश्न पूछने वाला सदस्य संतुष्ट है तो वह सीधे ही पूरक प्रश्न पूछ सकता है। इस पर सदन में वन मंत्री संजय शर्मा भी बोलते हुए खड़े हुए। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सभी सदस्यों को बिठाया और कहा कि अभी आसन की तरफ से व्यवस्था दी गई है, सीधे पूरक प्रश्न पूछना चाहता है। उस प्रश्न के विषय में लिखित उत्तर पढ़ना जरूरी नहीं है।

# महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए राहत

## -इंडिगो ने जयपुर से प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर से महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक और अच्छी खबर है। स्पाइसजेट और एलायंस एयरलाइंस के बाद अब इंडिगो एयरलाइंस ने भी प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट शुरू कर दी है। यह फ्लाइट महाकुंभ मेले तक रोजाना संचालित होगी, जिससे यात्रियों को यात्रा के लिए एक और विकल्प मिल जाएगा।

**हर दिन संचालित होगी सीधी फ्लाइट:-** इंडिगो एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि फ्लाइट संख्या 6E-5001 हर दिन सुबह 7:00 बजे जयपुर से प्रयागराज के लिए रवाना होगी और सुबह 8:20 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इसी तरह, फ्लाइट 6E-5019 हर दिन रात 8:55 बजे प्रयागराज से रवाना होकर रात 10:15 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह सेवा 28 फरवरी तक उपलब्ध रहेगी।

**महाकुंभ के चलते बढ़ी उड़ानों की संख्या:-** इससे पहले जयपुर से प्रयागराज के लिए स्पाइसजेट और एलायंस एयरलाइंस की फ्लाइट्स संचालित हो रही थीं। स्पाइसजेट की एक फ्लाइट डेली चल रही है, जबकि एलायंस एयर की फ्लाइट सप्ताह में एक बार रविवार को उड़ान भरती है। इसके अलावा, 11 फरवरी से स्पाइसजेट की एक और डेली फ्लाइट प्रस्तावित है।

**किराए में कमी की उम्मीद:-** फ्लाइट्स की संख्या बढ़ने से यात्रियों को फायदा होगा। अभी जयपुर से प्रयागराज के लिए हवाई किराया 15,000 रुपये से अधिक लिया जा रहा है। इंडिगो की नई फ्लाइट शुरू होने के बाद किराए में कमी आने की संभावना है, जिससे यात्रियों को सस्ती और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

# प्राइवेट बसों को किराए पर रोडवेज में चलाएगी राजस्थान सरकार

## -सिर्फ कंडक्टर होगा 'सरकारी'



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कालीचरण ने नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा से पूछा कि क्या सरकार जयपुर में सरकारी मानकों के हिसाब से 2400 सरकारी बसें चलाने क्या विचार है कि नही? इस पर मंत्री खर्रा ने कहा कि इस बार राजस्थान में महाराष्ट्र का मॉडल लागू किया जायेगा। सरकार बसें खरीदेगी नहीं। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र का तीसरा दिन जारी है। आज सुबह 11 बजे शुरू हुई विधानसभा की कार्यवाही के दौरान विधायकों ने कई सवाल पूछे। इस दौरान जयपुर की मालवीय नगर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक कालीचरण सराफ ने सरकार से परिवहन के साधनों को निजी हाथों में देने का सवाल उठाया। कालीचरण ने जयपुर में बढ़ते ईरिक्शा की संख्या पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इससे जयपुर में जाम की समस्या बढ़ रही है।

**''क्या सारे परिवहन को ही निजी हाथों में भेज देंगे'':-** पूरक सवाल पूछते हुए कालीचरण ने कहा कि मंत्री जी ने 43 मार्गों पर 2424 नई बसों के परमिट जारी किये गए हैं, 41913 ऑटो रिक्शा और करीब 45500 ईरिक्शा के परमिट जारी किये हैं। इससे तो क्या सारे परिवहन को ही निजी हाथों में भेज देंगे, पूरे जयपुर में इनकी वजह से जाम रहता है। कालीचरण ने नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा से पूछा कि क्या सरकार जयपुर में सरकारी मानकों के हिसाब से 2400 सरकारी बसें चलाने क्या विचार है कि नही? इस पर मंत्री खर्रा ने कहा कि इस बार राजस्थान में महाराष्ट्र का मॉडल लागू किया जायेगा। सरकार बसें खरीदेगी नहीं।

**राजस्थान में लागू होगा महाराष्ट्र मॉडल- मंत्री :-**
खर्रा ने कहा हमारी कुछ कंपनियों से बात चल रही है जो EV और CNG बसें रखती हैं और वो विभिन्न नगर निकायों को किराए पर दे रखा है। इसमें न्यूनतम किलोमीटर के आधार पर उनको भुगतान करना पड़ता है। ड्राइवर और सारा रखरखाव उन्हीं का होता है। हम बस अपना कंडक्टर रखेंगे और आय अर्जित करेंगे। मंत्री खर्रा के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मंत्री जी आप ऐसा कर दो कि सरकार एक आदमी को बैठा दे लोग वहां से टिकट ले और जाकर प्राइवेट बसों में यात्रा करले। जूली ने कहा कि सरकार खुद कुछ करना ही नहीं चाहती, वो सारा सिस्टम निजी हाथों में देना चाहती है।

# जिलों पर चर्चा को लेकर वेल में उतरी कांग्रेस

## -हंगामे और नारेबाजी के बीच सदन की कार्रवाई स्थगित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा में आज शून्यकाल में जिलों पर चर्चा को लेकर जोरदार हंगामा हो गया। कांग्रेस शून्यकाल में जिलों पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लाई थी, लेकिन संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने स्पीकर से कहा कि मामला कोर्ट में है इसलिए इस पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। विधानसभा में बुधवार को शून्यकाल में जिलों पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस विधायकों ने जबरदस्त हंगामा कर दिया। हंगामे के चलते पहले सदन की कार्रवाई 15 मिनट तक स्थगित करनी पड़ गई। इसके बाद सदन फिर से जुटा तो कांग्रेस विधायक विरोध करते हुए वेल में उतर गए और नारेबाजी करने लगे। मामला शून्यकाल में उस वक्त शुरू हुआ, जब स्पीकर वासुदेव देवनानी स्थगन प्रस्तावों पर व्यवस्था दे रहे थे। इस दौरान कांग्रेस विधायक की तरफ से जिलों पर चर्चा के लिए प्रस्ताव आया लेकिन संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने यह कहते हुए इसका विरोध किया कि मामला कोर्ट में है इसलिए इस पर सदन में चर्चा नहीं की जा सकती। इस बात पर कांग्रेस विधायकों ने हंगामा कर दिया। हो-हंगामा बढ़ा तो स्पीकर ने 15 मिनट के लिए सदन की कार्रवाई को स्थगित कर दिया। इसके बाद फिर से सदन जुटा तो कांग्रेस विधायक विरोध करते हुए वेल में आ गए। हालांकि स्पीकर ने कांग्रेस विधायकों से फिर से अपनी सीटों पर जाने के लिए कहा लेकिन कांग्रेस विधायक चर्चा को लेकर अड़े रहे।

**आधे घंटे की नारेबाजी के बाद सदन स्थगित :-** कांग्रेस विधायक करीब आधे घंटे तक सदन में नारेबाजी करते रहे। इस दौरान उन्होंने सीएम भजनलाल और किरोड़ीलाल मीणा का नाम लेकर भी नारेबाजी की। इसके बाद दोपहर एक बजे स्पीकर ने भोजनावकाश के लिए एक घंटे तक सदन फिर से स्थगित कर दिया।

# उस्मान खान बने संयुक्त पत्रकार संघ के नगर अध्यक्ष

**-संगठन के सदस्यों ने पुष्पाहार पहनाकर किया स्वागत,सम्मान**



अंता(रॉयल पत्रिका) संयुक्त पत्रकार संघ के नगर अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार उस्मान खान को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उनका माला पहनाकर व मूंह मीठा कराकर स्वागत किया तथा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। वरिष्ठ पत्रकार निरंजन बत्रा, अशोक गौतम व पवन मोहबिया ने बताया की संयुक्त पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय बत्रा के आकस्मिक निधन से अध्यक्ष का पद रिक्त था ,ऐसे में सर्व सम्मति से देनिक कोटा ब्यूरो के वरिष्ठ पत्रकार उस्मान खान को संयुक्त पत्रकार संघ का नगर अध्यक्ष बनाया गया है। हेप्पी रेस्टोरेंट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त नगर अध्यक्ष उस्मान खान का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पाहार पहनाकर एवं मूंह मीठा कराकर स्वागत सम्मान किया ,उस्मान खान के नगर अध्यक्ष बनने पर संयुक्त पत्रकार संघ के निरंजन बत्रा, पवन मोहबिया,अशोक गौतम, सुरेंद्र नागर, भंवरलाल सुमन, हरीश शर्मा,ब्रह्मानन्द गोचर,धर्मराज बंजारा, प्रेम शंकर शांत, फरहान खान, जितेंद्र नायक, इंद्रजीत मीणा ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी। दूसरी ओर स्वागत कार्यक्रम से पूर्व वरिष्ठ पत्रकार अशोक गौतम का उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया उन्हें केक काटकर व मूंह मीठा कराकर जन्मदिन की बधाई दी।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**-अधिकारी यह सुनिश्चित करें की सभी आंगनवाड़ी और विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हो : जिला कलक्टर डॉ. राजोरिया**
**-साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित**
**-फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

प्रतापगढ़(रॉयल पत्रिका)। प्रतापगढ़ सभी आंगनवाड़ी और विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हो– यह निर्देश जिला कलक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने दिए जब वह जिला कलेक्ट्रेट में बुधवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



**शिविरों के माध्यम से हर पात्र किसान को मिले लाभ: जिला कलक्टर :-** जिला कलक्टर ने बैठक में कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री (एग्री स्टेक) के तहत आज 5 फरवरी से आज शिविर शुरू हो गए है। इस अभियान के तहत सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर ने शिविरों के माध्यम से हर पात्र किसान को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में पात्र किसानों को अन्य योजनाओं का भी लाभ उपलब्ध करवाया जाए और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने पीएमएवाई, स्वामित्व योजना, आयुष्मान योजना ई केवाईसी के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बैठक में दिए निर्देशों की पूर्ण पालन सुनिश्चित करें और आपसी समन्वय से कार्य करें।

**विभागवार योजनाओं की हुई समीक्षा :-** जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन, बिजली आपूर्ति व्यवस्था, पीएमएवाई, मंगला पशु बीमा योजना, टीकाकरण सहित विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुंचे और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने पंच गौरव कार्ययोजना के बारे में भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी के साथ ही संपर्क पोर्टल और जनसुनवाई के प्रकरणों के बारे में चर्चा कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में उपवन संरक्षक हरिकिशन सारस्वत, एसीईओ धनदान देथा, उपखंड अधिकारी प्रतापगढ़ मणिलाल तीरगर, तहसीलदार प्रतापगढ़ उज्जवल जैन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो तस्करों को 5-5 साल की जेल

**-रतलाम कोटा पैसेंजर ट्रेन के जनरल कोच से पकड़ा था**
**-तलाशी में 70 ग्राम स्मैक मिली**



कोटा(रॉयल पत्रिका)। मादक पदार्थ तस्करी के करीब 5 साल पुराने मामले में विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस कोटा के कोर्ट ने दो आरोपियों को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी राकेश और सुरेश निवासी चाचूनी थाना डग जिला झालावाड़ को 5-5 साल कठोर कारावास की सजा व 50-50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जीआरपी ने आरोपी के पास से 70 ग्राम स्मैक बरामद की थी। विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र सिंह निर्भय ने बताया- जुलाई 2019 को कोटा जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर तलाशी अभियान चला रखा था। उस दौरान प्लेटफार्म नंबर एक रतलाम कोटा पैसेंजर ट्रेन के जनरल कोच से दो संदिग्ध युवकों को डिटेन किया। दोनों युवक झालावाड़ जिले के डग थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। उनके पास एक बैग मिला। दोनों ने चौमहला से सहारनपुर जाना बताया। तलाशी में युवकों के पास से 70 ग्राम स्मैक मिली। NDPS एक्ट में मामला दर्ज किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में 9 गवाहों के बयान करवाए गए 39 दस्तावेज पेश किए गए

# बारां से शुरू होगी राज्यस्तरीय वाटरशेड यात्रा

**-30 जिलों में चलेगा अभियान**
**-वर्षा जल स्टोर, मिट्टी संरक्षण और स्थायी कृषि को देंगे बढ़ावा**



बारां(रॉयल पत्रिका)। बारां में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत वाटरशेड यात्रा का राज्य स्तरीय शुभारंभ 5 फरवरी 2025 को किशनगंज पंचायत समिति से किया जाएगा। यह यात्रा राजस्थान के 30 जिलों के 110 ब्लॉकों में चलेगी, जिसके लिए दो रूट चार्ट बनाए गए हैं। पहले रूट में 14 जिलों की 61 और दूसरे में 16 जिलों की 49 परियोजनाएं शामिल हैं। इस अभियान के दौरान भूमि पूजन, लोकार्पण, वाटरशेड महोत्सव, श्रमदान और पुरस्कार वितरण जैसे कार्यक्रम होंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचयन, मिट्टी संरक्षण और स्थायी कृषि को बढ़ावा देना है। बारां जिले में वर्तमान में दो प्रमुख जल संरक्षण परियोजनाएं चल रही हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत 2021-22 में तीन पंचायत समितियों के 21 ग्राम पंचायतों के 62 गांवों में 16,452 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है। इस योजना के लिए 3,619.44 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसमें ओपन जिम और एफपीओ सेंटर के साथ एनीकट, परकोलेशन टैंक और चारागाह विकास के काम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के प्रथम चरण में 2023-24 में आठ पंचायत समितियों के 48 ग्राम पंचायतों के 153 गांवों को शामिल किया गया है। 51,016.44 हेक्टेयर क्षेत्र में 66.24 करोड़ रुपए के 2,469 कार्यों में से 40.86 करोड़ रुपए के 2,116 कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है। इन योजनाओं से क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ने के साथ किसानों और पशुपालकों को लाभ मिलेगा।

# जयपुर स्किल एग्जिबिशन कार्यक्रम में बच्चों ने प्रतापगढ़ का परचम राज्य पर फहराया

प्रतापगढ़(रॉयल पत्रिका)। प्रतापगढ़ स्टेट लेवल स्किल एग्जिबिशन कम कंपटीशन 2024-25 जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रतापगढ़ जिले से 8 विद्यार्थियों के दल ने भाग लिया। माननीय शिक्षा स्वयं बच्चों का उत्साह वर्धन हेतु उपस्थित रहे। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक महेश चंद्र आमेटा, सहायक परियोजना समन्वय विकास भालोठिया तथा कार्यक्रम अधिकारी शालिनी व्यास ने दल को कंपटीशन में भाग लेने हेतु हरी झंडी देकर अनुमति प्रदान की। दल का प्रतिनिधित्व एस्कॉर्ट टीचर के रूप में वरिष्ठ अध्यापक रवि कुमार साहू एवं अध्यापिका यशोदा साहू ने किया। इस कंपटीशन में सभी जिलों के 16 ट्रेड में 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें योगेश टांक GSSS मनोहरगढ़ ने कंस्ट्रक्शन ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिटेल ट्रेड में दिव्यांशी पंचाल GSSS मांडवी धरियावद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आईटी ट्रेड में कुबेर सिंह राठौर महात्मा गांधी GSSS लोहारिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कंस्ट्रक्शन ट्रेड में प्रथम स्थान पर रहे योगेश टांक ने हाइड्रोलिक ब्रिज मॉड्यूल प्रस्तुत किया जिसका उद्देश्य यातायात को सुगम और भीड़ -भाड़ की समस्या को कम करना है। द्वितीय स्थान पर रही रिटेल ट्रेड में दिव्यांशी पंचाल शॉपिंग मॉल पर अपना मॉड्यूल प्रस्तुत किया जिसका उद्देश्य ग्राहकों को सारी सुविधा एक जगह सर्व सुलभ हो जाए तथा आईटी ट्रेड में तृतीय स्थान पर रहे कुबेर सिंह राठौड़ ने सौरमंडल ऑब्जर्वेटरी का मोडल प्रस्तुत किया।

# जेईई-मेन के जनवरी अटेंए के प्रश्न पत्र और आंसर-की जारी

**-6 फरवरी की रात तक आपत्ति दर्ज करा सकेंगे स्टूडेंट**



कोटा(रॉयल पत्रिका)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के जनवरी अटेंप्ट के प्रश्नपत्र, प्रोविजनल आंसर की और रिकॉर्डेड रिस्पोंस जारी कर दिए गए हैं। सेशन-1 जनवरी अटेंप्ट की परीक्षा 22 से 30 जनवरी तक हुई थी, जिसमें 13 लाख 78 हजार से ज्यादा विद्यार्थी रजिस्टर्ड थे। परीक्षा में 13 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। जेईई-मेन एग्जाम पूर्णतः कम्प्यूटर बेस्ड होने के कारण एनटीए की ओर से पारदर्शिता दिखाते हुए विद्यार्थियों के प्रश्नपत्र व रिकॉर्डेड रिस्पोंस के साथ जेईई मेन जनवरी के सभी प्रश्नपत्रों की प्रोविजनल आंसर की भी जारी कर दी गई है। करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया- विद्यार्थियों को आंसर की को चैलेंज करने का मौका भी दिया गया है। इस संदर्भ में एनटीए की ओर से जारी नोटिस के अनुसार विद्यार्थी 6 फरवरी रात 11.50 बजे तक आंसर की को चैलेंज कर सकता है। प्रश्नपत्र एवं रिकॉर्डेड रिस्पांस डाउनलोड कर सकता है। विद्यार्थी जेईई मेन वेबसाइट पर दिए विकल्प पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन नंबर, एवं पासवर्ड भरकर अपना प्रश्नपत्र एवं रिकॉर्डेड रिस्पांस डाउनलोड कर सकते हैं। दिए गए प्रश्नपत्र एवं रिकॉर्डेड रिस्पोंस में विद्यार्थियों द्वारा दिए गए प्रश्न के उत्तर तथा उत्तरों का स्टेटस को भी जारी किया गया है, अर्थात यह स्पष्ट कर दिया गया है कि विद्यार्थी ने उस संबंधित प्रश्न का क्या उत्तर दिया है या नहीं दिया है, या मार्क ऑफ रिव्यू में रखा है या मॉर्क ऑफ रिव्यू में रखकर उत्तर दिया है। डाउनलोड किए गए प्रश्नपत्र पर विद्यार्थी का नाम, एप्लिकेशन नंबर एवं रोल नंबर अंकित है, साथ ही विद्यार्थी के प्रश्न पत्र में प्रत्येक प्रश्न उसकी क्वेश्चन आईडी एवं उसके आंसर को भी ऑप्शन आईडी के साथ दर्शाया गया है।

**आंसर की चैलेंज करने का प्रक्रिया:-** आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों के सामने उनके पूरे 75 प्रश्न अलग-अलग क्वेश्चन आईडी के रुप में प्रदर्शित है एवं उस क्वेश्चन का सही आंसर भी करेक्ट ऑप्शन आईडी के रुप में मिलेगा। विद्यार्थी इस क्वेश्चन आईडी और ऑप्शन आईडी को डाउनलोड किए गए प्रश्नपत्र से मिलाकर अपने द्वारा दिए गए उत्तरों की जांच कर सकता है। संशय की स्थिति में उसके सामने दिए गए चारों उत्तरों के ऑप्शन आईडी के विकल्पों में सही विकल्प को चुनकर चैलेंज कर सकता है। प्रत्येक चैलेंज किए गए क्वेश्चन के लिए विद्यार्थी को दो सौ रुपए का शुल्क प्रोसेसिंग फीस के रुप में देना होगा। जोकि डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से देय होगा। यह प्रोसेसिंग फीस नॉन रिफंडेबल है। विद्यार्थी एक या एक से अधिक प्रश्नों को भी चैलेंज कर सकता है। इसके साथ ही चैलेंज किए गए प्रश्नों के लिए संबंधित दस्तावेज को स्कैन कर अपलोड भी कर सकता है। इस प्रक्रिया के उपरांत विद्यार्थी को प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान करना होगा। जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम 12 फरवरी को प्रस्तावित है।

# सर्वोदय पैरामाउंट स्कूल में वार्षिकोत्सव "आगाज" धूमधाम से मनाया गया।




**शब्बीर हुसैन**

बूंदी.(रॉयल पत्रिका)। सर्वोदय पैरामाउंड स्कूल बूंदी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वंशवर्धन सिंह महाराव राजा बूंदी, तेज कंवर ज्वाइंट डायरेक्टर शिक्षा विभाग कोटा संभाग, हरिनंदन कहार निजी सहायक लोक सभा स्पीकर ओम बिरला, राजेंद्र व्यास जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग बूंदी, ओ पी शर्मा सीएमएचओ, एलेन एकेडमिक कॉर्डिनेटर गौरव जैन सर और सुरभी शर्मा मैडम मौजूद रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी। वेलकम डांस,पंजाबी डांस,बॉलीवुड डांस, हॉलीवुड डांस, रेट्रो थीम, कृष्ण लीला,घूमर, ट्रिब्यूट टू शिवाजी महाराज, एजुकेशनल थीम, कव्वाली, एवं अनेक नृत्य नाटकों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे विद्यार्थियो को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ज्वाइंट डायरेक्टर तेजकंवर ने कहा कि नई पीढ़ी को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य में लगना चाहिए। अतिथि महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने बताया कि हमें ज्ञान के साथ साथ हमारी पुरातन संस्कृति को भी सहेजकर रखना पड़ेगा। प्रिंसिपल डॉ पंकज सिंह ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और वाइस प्रिंसिपल वरिंदर कौर ने बच्चों को लगन और मेहनत से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। संस्था के चेयरमैन ए. जी मिर्जा , निदेशक डॉ अजहर मिर्जा, डॉ मजहर मिर्जा, व डॉ मजहरूद्दीन ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सरहाना की। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के साथ कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। संस्था के सीईओ फारूक राणा व पवन गुप्ता ने आए हुए सभी अभिभावकगण और गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया

# पूर्व मंत्री रामलाल जाट के खिलाफ CBI जांच के आदेश, करोड़ों की संपत्ति का मामला



भीलवाड़ा(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार ने पूर्व मंत्री रामलाल जाट के खिलाफ CBI जांच के आदेश जारी किए हैं। उन पर आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। यह फैसला सरकार की सिफारिश के बाद लिया गया है, जिसमें जाट की संपत्तियों की जांच की मांग की गई थी।

क्या हैं आरोप?

आय से अधिक संपत्ति: आरोप है कि रामलाल जाट के पास उनकी घोषित आय से कई गुना अधिक संपत्ति है।

अवैध लेन-देन: उनकी कई संपत्तियों और बैंक खातों में संदेहास्पद लेन-देन पाए गए हैं।

भ्रष्टाचार के आरोप: उनके कार्यकाल के दौरान सरकारी टेंडर और भूमि आवंटन में अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं।

CBI करेगी विस्तृत जांच

केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की सिफारिश पर CBI को इस मामले की जांच सौंपी है।

जांच एजेंसी जाट की संपत्तियों, बैंक खातों और अन्य वित्तीय लेन-देन की गहन पड़ताल करेगी।

यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो रामलाल जाट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रामलाल जाट का क्या कहना है?

उन्होंने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि वे जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

उनका दावा है कि उनकी संपत्ति पूरी तरह वैध है और इसका पूरा विवरण पहले भी दिया जा चुका है।

क्या होगा आगे?

CBI जल्द ही रामलाल जाट और उनके करीबियों से पूछताछ कर सकती है।

मामले में जांच के बाद चार्जशीट दाखिल करने या FIR दर्ज करने पर फैसला लिया जाएगा।

यदि आरोप सही साबित होते हैं तो उनकी संपत्तियों को जब्त भी किया जा सकता है।

इस मामले में आगे की जांच रिपोर्ट पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

# सूरतगढ़ - अनूपगढ़ मार्ग पर यात्री भार के आधार पर रोडवेज बसों के संचालन पर विचार किया जाएगा - परिवहन मंत्री



सूरतगढ़(रॉयल पत्रिका)। सूरतगढ़ परिवहन मंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि यात्री भार की जाँच कर आवश्यकता के आधार पर सूरतगढ़ से अनूपगढ़ मार्ग पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा रोडवेज बसों के संचालन पर विचार किया जाएगा। परिवहन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि सूरतगढ़ से छतरगढ़, दन्तौर एवं बज्जु मार्गो पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की पूर्व में कोई सेवा संचालित नहीं थीं एवं निगम के सीमित संसाधनों के कारण वर्तमान में भी इन मार्गों पर रोडवेज बसों का संचालन किए जाने का फिलहाल कोई विचार नहीं है। इससे पहले विधायक श्री डूंगरराम गेदर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में परिवहन मंत्री ने बताया कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा सूरतगढ़ से अनूपगढ़ रोड़ जैतसर (1 जीबी) पर पूर्व से ही बस स्टॉप निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस बस स्टॉप से निगम की मात्र 2 बसें ही संचालित होने तथा निगम के सीमित संसाधनों के कारण टिकिट खिड़की लगाए जाने के संबंध में फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। श्री बैरवा ने बताया कि सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर व अनूपगढ मार्ग पर संचालित निगम बसों हेतु निर्धारित बस स्टॉपेज की सूची उन्होंने सदन के पटल पर रखी। इन मार्गों पर संचालित निगम बसें निर्धारित बस स्टॉप पर रूकती हैं। विधान सभा क्षेत्र सूरतगढ़ में सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर अधिसूचित मार्ग पर 20 बसें एवं सूरतगढ़ से अनूपगढ अधिसूचित मार्ग पर 20 बसें संचालित है। इन बसों की सूचना उन्होंने सदन के पटल पर रखी।

## एचडीएफसी बैंक व सीईआरएसएआई ने सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**मोहाली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों एचडीएफसी बैंक और भारत सरकार की कंपनी सेंट्रल रजिस्ट्री ऑफ सिक्यूरिटाइजेशन एसेट रिकंस्ट्रक्शन एंड सिक्योरिटी इंटरेस्ट (सीईआरएसएआई) ने सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआरआर) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी), एंटी मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) और सीकेवाईसीआरआर पर उपलब्ध केवाईसी डेटा के उपयोग और सीकेवाईसीआर डेटा का उपयोग करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करना था, जिससे एक सुरक्षित और पारदर्शी वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो और वित्तीय संस्थानों को धोखाधड़ी और संपत्ति के दोहराव के जोखिम से बचाया जा सके।

## एएसईआर 2024 परिणाम ग्रेड 3 के संदर्भ में - मिशन अंकुर

**मुंबई, एजेंसी।** सीखने के स्तर में अचानक सुधार की क्या वजह है आमतौर पर देश भर के अनुमान में बदलाव की गति धीमी रही है और सीखने का स्तर 2010 तक स्थिर था, उसके बाद उसमें थोड़ी गिरावट आई और फिर 2014 से 2018 के बीच इसमें धीरे-धीरे सुधार होता दिखा। हमने पिछले 20 वर्षों में, जब से 'असर' बुनियादी पढ़ाई और अंकगणित पर डेटा प्रस्तुत कर रहा है, इस पैमाने पर सुधार नहीं देखा है। यह सब एनईपी 2020 और बुनियादी कौशल पर ध्यान देने की ओर इशारा करता है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब सीखने में सुधार के लिए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन इसमें बड़ा अंतर यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि बुनियादी शिक्षा के परिणामों को सुधारने के लिए व्यवस्थित तरीके से राष्ट्रीय प्रयास किया गया है।

## बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो: 300 करोड़ के ऑर्डर पाइपलाइन के साथ मजबूती से आगे बढ़ रहा

**मुंबई, एजेंसी।** बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड (बीएफएस), जो प्रमुख विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो में से एक है, ने जनवरी 2025 तक 301.3 करोड़ (27.9 मिलियन) की मजबूत बिक्री पाइपलाइन की घोषणा की है। यह प्रभावशाली आंकड़ा कंपनी की गतिशील विकास दिशा और विश्वस्तरीय वीएफएक्स सेवाएं प्रदान करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान बिक्री पाइपलाइन में अक्टूबर 2024 में रिपोर्ट किए गए 20 मिलियन की तुलना में 39.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो उच्च-मूल्य परियोजनाओं को हासिल करने में कंपनी की निरंतर गति को दर्शाती है।

यह प्रबंधन द्वारा पहले साझा किए गए मजबूत रेवेन्यू वृद्धि मार्गदर्शन के साथ भी संरेखित होता है।

## सरोवर होटल्स ने लॉन्च किया ट्यूलिप इन भोपाल

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सरोवर होटल्स, महेंद्र एसोसिएट के साथ साझेदारी में, गर्व से ट्यूलिप इन भोपाल के लॉन्च की घोषणा करता है। यह आधुनिक मध्य-श्रेणी का होटल, लौवर होटल्स समूह के हिस्से के रूप में किफायती लेकिन परिष्कृत आवास प्रदान करते हुए, सरोवर होटल्स के पोर्टफोलियो के विस्तार को मजबूत करता है। ट्यूलिप इन भोपाल शहर के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और मनोरंजन स्थलों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करता है, जो इसे आराम और सुविधा चाहने वाले आधुनिक यात्रियों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। होटल में 54 अच्छी तरह से सुसज्जित डीलक्स कमरे हैं, जिन्हें समकालीन लेकिन आकर्षक सौंदर्य के साथ सोच-समझकर डिजाइन किया गया है, साथ ही आवश्यक सुविधाएं और सुविधाएं भी हैं।

## एचडीएफसी बैंक स्टार्ट-अप का स्टार्ट-अप अनुदान से करेगा सपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने प्रमुख परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम के आठवें संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की है। इस वर्ष सामाजिक प्रभाव क्षेत्र में काम करने वाले 50-60 स्टार्ट-अप का सपोर्ट करने के लिए 15 से अधिक इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर का चयन किया गया है और उन्हें इसमें शामिल किया गया है। कार्यक्रम चयनित स्टार्ट-अप को 50 लाख रुपए तक का अनुदान प्रदान करेगा, जिसका कुल कार्यक्रम बजट 20 करोड़ रुपए है। आईआईटी मद्रास, आईआईएम अहमदाबाद वेंचर्स, विल्ग्रो, आईसीएआर पूसा कृषि, आईआईटी गुवाहाटी बायोनेस्ट, एस्पायर - हैदराबाद विश्वविद्यालय, आईआईएम-कलकत्ता इनोवेशन पार्क, आई-हब गुजरात, केरल स्टार्ट-अप मिशन, आईएफएमआर कैटालिस्ट एआईसी इस साल पहले से ही शॉर्टलिस्ट किए गए इनक्यूबेटर्स में से हैं।

# बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया लगातार दे रहा है बेहतरीन परफॉर्मेंस

### +11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 15,721 यूनिट्स की सबसे अधिक वार्षिक सेल दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** बीएमडब्ल्यू के लिए अब तक की सबसे ज़्यादा लग्जरी क्लास डिलीवरी (7,आई7,एक्स7,एक्सएम)। बीएमडब्ल्यू7 सीरीज भारत में अपने सेगमेंट में सबसे आगे है। बीएमडब्ल्यू एक्स7 लग्जरी क्लास की सेल में सबसे आगे है।

इलेक्ट्रिक लग्जरी कार की सेल में भारत में लगातार तीसरे साल रहा दबदबा। बीएमडब्ल्यू आईएक्स भारत की सबसे ज़्यादा बिकने वाली लग्जरी ईवी है। बीएमडब्ल्यू आई7 अपनी श्रेणी में सबसे ज़्यादा बिकने वाली ईवी है। स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल्स +16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ी। बीएमडब्ल्यू एक्स5 की सबसे अधिक वार्षिक सेल दर्ज हुई। बीएमडब्ल्यू एक्स1 सबसे ज़्यादा बिकने वाली एसएवी बनी।बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज सबसे ज़्यादा बिकने वाली सेडान रही। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने सफलता का नया अध्याय लिखते हुए 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक की सबसे ज़्यादा वार्षिक डिलीवरी की है। कंपनी द्वारा जनवरी-दिसंबर 2024 के बीच 15,721 कारें (बीएमडब्ल्यू और मिनी) और 8,301 मोटरसाइकिलें ( बीएमडब्ल्यू मोटोराड)डिलीवर करने का कीर्तिमान बनाया गया। बीएमडब्ल्यू की 15,012 यूनिटें



और मिनी की 709 यूनिटें बिकीं। बीएमडब्ल्यू ने त्त4 में सबसे ज़्यादा सेल (4,958 यूनिट्स 7 +15 प्रतिशत) दर्ज की, दिसंबर की सेल (2,244 यूनिट्स 7 +17 प्रतिशत) भी अब तक की सबसे अधिक थी। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के, ने कहा, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने भारत में इस साल अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ सेल्स की और साथ ही 15,000 कारों की सेल का कीर्तिमान बना लिया है। लग्जरी कार सेगमेंट में हमारे पास रिटेल.नेक्स्ट जैसी नई पहल और हमारे ग्राहकों के लिए बेहतरीन एक्सपीरिएंसेज तथा सेवाओं के साथ सबसे मज़बूत उत्पाद पोर्टफोलियो है। बीएमडब्ल्यू भारत के लग्जरी कार बाज़ार में सस्टेनेबल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, लग्जरी क्लास और महत्वाकांक्षी प्रीमियम कॉम्पैक्ट सेगमेंट जैसे सेगमेंट्स में काफी आगे चल रही है। हमारी इस जबरदस्त सफलता का श्रेय ग्राहकों को खुशी प्रदान करने के हमारे दृढ़ संकल्प को जाता है। हम अपने डीलर पार्टनर्स और अपनी समर्पित टीम के साथ लग्जरी मोबिलिटी में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बीएमडब्ल्यू लग्जरी क्लास ने 2024 में भारत में अब तक की सबसे अधिक सेल दर्ज की है (2,507 यूनिट 7 +8 प्रतिशत)। बीएमडब्ल्यू लग्जरी क्लास द्वारा भारतीय ग्राहकों को सबसे विशिष्ट फ्लैगशिप रेंज और एक्सक्लूज़िविटी मिलती है। बीएमडब्ल्यू द्वारा 2024 में भारत में बेची गई लगभग हर पांचवीं कार टॉप-ऑफ-द-रेंज मॉडल थी। बीएमडब्ल्यू एक्स7 2024 में एक बार फिर सबसे ज़्यादा बिकने वाला लग्जरी क्लास मॉडल (1,570 यूनिट 7 +4 प्रतिशत) बनी । बीएमडब्ल्यू एक्स7 के लॉन्च के बाद भारत में इसकी 5,000 से अधिक यूनिट डिलीवर हो चुकी हैं। बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज़ अपने सेगमेंट में लग्जरी के प्रतीक के रूप में नेतृत्व कर रही है (865 यूनिट 7+15 प्रतिशत)।

## राष्ट्र निर्माण, रोजगार और आर्थिक विकास में सीमेंट उद्योग की अहम भूमिका

**मुंबई, एजेंसी।** सीमेंट निर्माताओं के संघ ने केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत किया है, जिसे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने पेश किया। छ्रू की सदस्य कंपनियाँ देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। वे बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार बढ़ाने और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छ्रू का मानना है कि यह बजट भारत को आगे बढ़ाने के लिए लोगों, अर्थव्यवस्था और नई तकनीकों में निवेश को बढ़ावा देता है।

बजट पर टिप्पणी करते हुए, श्री नीरज अखोरी, प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट लिमिटेड, ने कहा, सीएमए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करता है, जो कि समग्र और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। बजट भारत के विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा को और सशक्त बनाता है। सरकार द्वारा घोषित विभिन्न पहलों ने लोगों की आकांक्षाओं और देश की आर्थिक वृद्धि की भविष्य की जरूरतों के बीच सही संतुलन बनाए रखा है। राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ी हुई निवेश प्राथमिकता सीमेंट क्षेत्र के विकास के लिए नए



अवसर और रास्ते खोलती है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की सराहना करते हैं। साथ ही, हम राष्ट्र की प्रगति में साझेदार बनने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखेंगे।

उन्होंने आगे कहा, बड़े पैमाने पर हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर बढ़ता खर्च निर्माण सामग्री की माँग में भी वृद्धि करेगा, जिससे क्षमता विस्तार और सतत प्रथाओं में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। हमें पूरा यकीन है कि इन चुनौतियों के बावजूद, ये उपाय सीमेंट उद्योग को इस वित्तीय वर्ष में स्थापित सीमेंट क्षमता के 6 प्रतिशत से अधिक की लगातार विकास दर हासिल करने में मदद करेंगे। बजट 2025-26 में किए गए नीतिगत सुधार सरकार के समाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की मंशा को जाहिर करते हैं।क्र

सीमेंट उद्योग लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है, खासकर विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और निर्माण क्षेत्रों में। इसके अलावा, यह सरकार को करों और शुल्कों के रूप में महत्वपूर्ण राजस्व प्रदान करता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

श्री पार्थ जिंदल, वाइस प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड, ने कहा, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट एक दूरदर्शी रोडमैप है। यह वर्ष 2047 के विकसित भारत की हमारी दृष्टि के अनुरूप है और भारत के सीमेंट उद्योग के भविष्य को बेहतर बनाने में अहम् भूमिका निभाएगा। यह इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि को प्राथमिकता देता है। टेक्नोलॉजी में बढ़ा हुआ निवेश हरित सीमेंट समाधानों में प्रगति को तेज करेगा, जिससे उद्योग में स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। उम्मीद है कि महत्वपूर्ण आवंटनों से सीमेंट क्षेत्र सहित मुख्य क्षेत्रों में वृद्धि को मजबूती मिलेगी। इनमें नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 20,000 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए राज्यों को पूँजी खर्च पर 50 साल तक बिना ब्याज के 1.5 लाख करोड़ रुपए के ऋण शामिल हैं।

## 'शार्क टैंक इंडिया 4' में क्लैपस्टोर के इनोवेटिव आइडिया ने जीता शार्क्स का दिल

**मुंबई, एजेंसी।** ऐसे समय में जब बच्चों का बचपन स्क्रीन में सिमटता जा रहा था, तब पुणे के दो युवा उद्यमियों - यश थोम्बरे (22) और वेदांग नालवड़े (21) ने इस सोच को बदलने की ठानी। बच्चों पर ज्यादा स्क्रीन टाइम के असर को देखते हुए, उन्होंने वर्ष 2020 में क्लैपस्टोर टॉयज़ की शुरुआत की। यह ब्रांड 0-6 साल के बच्चों के लिए ऐसे मजेदार और एजुकेशनल खिलौने बनाता है, जो उन्हें असली दुनिया में खेलने और सीखने के लिए प्रेरित करें। बच्चों के विकास को लेकर इनकी यह मेहनत रंग लाई है और क्लैपस्टोर अब तक 50,000 से ज्यादा परिवारों तक पहुँच चुका है। 'शार्क टैंक इंडिया 4' में क्लैपस्टोर के फाउंडर्स ने भारत में पहली बार पेश किए जाने वाले पोर्टेबल बिजी बोर्ड्स का अनोखा कॉन्सेप्ट दिखाया। शुरुआत में शार्क्स जिज्ञासु और थोड़े संशय में नजर आये, लेकिन जब उन्होंने बच्चों के साथ एक प्री-पिच मोमेंट में इन टॉयज़ का अनुभव किया, तो उनका नजरिया बदल गया। यश और वेदांग ने 4त्र इक्विटी के बदले 80 लाख रुपये



की मांग की और लाइव डेमो के जरिए शार्क्स को प्रभावित किया। अनुपम मित्तल ने प्रोडक्ट की क्वॉलिटी और ब्रांडिंग की तारीफ की, जबकि विनीता सिंह ने इसे बहुत अलग और कूल बताया। काफी गहन बातचीत के बाद, क्लैपस्टोर ने 1 करोड़ रूपये में 10त्र इक्विटी के साथ ऑल-शार्क डील हासिल कर ली!

यश और वेदांग ने कहा, शार्क्स का फीडबैक हमारे लिए बेहद अहम रहा, क्यों वे सिर्फ निवेशकों के तौर पर ही नहीं, बल्कि मेंटर्स के रूप में भी बिजनेस की बारीकियों को गहराई से समझते हैं। सभी शार्क्स से डील मिलना हमारे आइडिया की ताकत, क्वॉलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और बच्चों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने के हमारे मिशन का प्रमाण है। यह निवेश न सिर्फ हमारे ग्रोथ को बढ़ावा देगा, बल्कि हमें अपने विज़न को और बड़ा करने में मदद करेगा, ताकि हम इनोवेटिव और हाई-क्वॉलिटी प्रोडक्ट्स को भारत के अधिक से अधिक परिवारों तक पहुँचा सकें। हमारा लक्ष्य स्क्रीन-फ्री प्ले को बढ़ावा देना और बच्चों के बचपन को मजेदार, स्किल-डिवेलपिंग खिलौनों से बेहतर बनाना है। हम सभी शार्क्स के अनुभव और सपोर्ट के साथ इस नए सफर के लिए बेहद उत्साहित हैं!

## नई एसयूवी की दुनिया में कदम: किआ सिरोस ने 8.99 लाख रुपये में पेश किया एक नया एसयूवी सेगमेंट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किआ इंडिया, प्रीमियम गाड़ियां बनाने वाली एक प्रमुख कंपनी, ने अपनी नई किआ सिरोस को लॉन्च किया है। यह मिड और कॉम्पैक्ट एसयूवी कैटेगरी के बीच एक नया सेगमेंट पेश करता है। इसकी कीमत 8.99 लाख रुपये रखी गई है। किआ सिरोस का डिज़ाइन अपने प्रीमियम मॉडल्स श्वङ्क9 और कार्निवल से प्रेरित है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, प्रीमियम कम्फर्ट और बोल्ड डिज़ाइन का बेहतरीन संयोजन देखने को मिलता है। यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है।

**असाधारण टेक्नोलॉजी और स्मार्ट कनेक्टिविटी-** किआ सिरोस में असाधारण तकनीक और स्मार्ट कनेक्टिविटी का खास ध्यान रखा गया है। इस सेगमेंट में पहली बार ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट सिस्टम पेश किया गया है, जो 16 कंट्रोलर्स के ऑटोमैटिक अपडेट की अनुमति देता है। इसके लिए डीलरशिप पर जाने की जरूरत नहीं होती, जो आमतौर पर लग्जरी वाहनों में देखा जाता है।

## ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के दमदार नतीजों की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने आज, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। इस तिमाही के वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, टीसीआई के एमडी श्री विनीत अग्रवाल ने कहा, यह मजबूत प्रदर्शन हमारे सभी उद्यमो में संतुलित वृद्धि के माध्यम से प्राप्त किया गया है। हमारे नवाचारी समधानों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करते हुए हमारे हित धारकों के लिए मूल्य वर्धन किया है। हमने एफएमसीजी और रिटेल, कृषि++, ऑटोमोटिव, इंजीनियरिंग उपकरण और ईपीआर जैसे क्षेत्रों से बेयर हाउसिंग और तापमान-नियंत्रित, 3 पीएल ग्रीन मल्टी मोडल समाधानों की मांग में वृद्धि देखी है। इसके अतिरिक्त, नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन, त्वरित-वाणिज्य और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए हमारे विविधी कृत प्रस्ताव बाजार में बढ़ते अवसरों के अनुरुप विस्तारित हुए हैं।

## टाटा मोटर्स करेगा महाराष्ट्र सरकार के सहयोग में 20 से अधिक जिलों के 1000 जलाशयों का जीर्णोद्धार

### कंपनी ग्रामीण महाराष्ट्र में सूखे का असर कम करने के साथ ही जल सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहती है

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा मोटर्स ने जल संसाधनों की रक्षा करने और ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिये अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत राज्य में पानी के अभाव वाले क्षेत्रों के 20 से अधिक जिलों में 1000 जलाशयों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। टाटा मोटर्स ने 2024 में गल मुक्त धरन गल युक्त शिवर योजना के तहत महाराष्ट्र में 356 जलाशयों को नया जीवन देकर फिर से बनाया था। यह महाराष्ट्र सरकार के सॉइल एण्ड वाटर कंजर्वेशन डिपार्टमेंट, नाम फाउंडेशन और स्थानीय समुदायों की भागीदारी में चलाया जा रहा जलाशयों में जमा सिल्ट यानी गंदगी को हटाने के लिये एक सामुदायिक कार्यक्रम है। टाटा मोटर्स अपने गठजोड़ को मजबूत करते हुए जल संरक्षण की पहल का विस्तार राज्य के 20 से अधिक जिलों तक करना चाहती है। इनमें विदर्भ और मराठवाड़ा के वे क्षेत्र भी शामिल हैं, जहाँ पानी का अभाव रहता है। प्रस्तावित गठजोड़ का लक्ष्य अमरावती, लातूर, चंद्रपुर, नागपुर, नांदेड़, परभणी, अकोला, गढ़चिरौली, यवतमाल, धाराशिव, छत्रपति संभाजी नगर, अहिल्या नगर, सांगली, सोलापुर, पुणे,



पालघर और ठाणे तथा राज्य के अन्य जिलों में 1000 जलाशयों को नया जीवन देना है। नाम फाउंडेशन इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन भागीदार होगा। इस पहल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये, विनोद कुलकर्णी, हेड, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, टाटा मोटर्स ने कहा, महाराष्ट्र सरकार और नाम फाउंडेशन के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करते हुये हमें बेहद गर्व हो रहा है। इसका उद्देश्य राज्य में सूखे की समस्या से निपटना और पानी कमी को दूर करना है। वर्ष 2024 में 356 जल निकायों को पुनर्जीवन देने और उनकी मरम्मत करने में मिली सफलता ने हमें प्रोत्साहित किया है, जिससे अब इस कार्यक्रम का विस्तार 20 से अधिक जिलों तक किया जा रहा है ताकि महाराष्ट्र के और भी अधिक गांवों तक पहुंचा जा सके।

## कमोडिटी मार्केट टेक में डिजिटल विकास को बढ़ावा देने के लिए पैरामैट्रिक्स ने 5.41 करोड़ का आईटी सौदा जीता

**मुंबई, एजेंसी।** पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड एक प्रमुख तकनीकी समाधान प्रदाता, ने भारतीय कमोडिटीज मार्केट में एक राष्ट्रीय स्तर के मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थान के साथ एप्लिकेशन डेवलपमेंट न्ड मेंटेनेंस एंगेजमेंट के लिए तीन साल का सौदा करने की घोषणा की है। जनवरी 2025 से मार्च 2028 तक चलने वाले इस अनुबंध का कुल अनुमानित मूल्य 5.41 करोड़ है। यह सौदा पारामेट्रिक्स की विशेषज्ञता को उजागर करता है जो उच्च गुणवत्ता, स्केलेबल, और विश्वसनीय आईटी समाधानों को प्रदान करने में सक्षम है, जो अपने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित हैं। यह अनुबंध पारामेट्रिक्स की डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूती से दर्शाता है और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में इसके बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है।

## वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025: उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए वन नेशन वन एक्सपो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बहुप्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025, भारत का सबसे बड़ा बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित यशोभूमि प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है।

50,000 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैले इस एक्सपो में 150,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार आएंगे, जिससे वैश्विक सहयोग और व्यापार विकास के लिए एक गतिशील मंच तैयार होगा। नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी इस उल्लेखनीय पहल को अपना समर्थन दे रहे हैं, और उद्योग के लिए इसके महत्व पर जोर दे रहे हैं। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 में 600 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जिनमें से प्रत्येक भवन निर्माण सामग्री में अत्याधुनिक नवाचारों को सामने लाएगा।

टिकाऊ समाधानों से लेकर डिजिटल निर्माण तकनीकों तक, यह एक्सपो इस क्षेत्र में भारत की प्रगति का प्रदर्शन होने का वादा करता है, जो वैश्विक मानकों और मांगों को पूरा करने में देश की प्रगति को दर्शाता है। भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 को वन नेशन वन एक्सपो के रूप में देखा गया है, जो भवन निर्माण सामग्री उद्योग के भविष्य में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने का वादा करता है। भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 स्थानीय विनिर्माण और नवाचार पर जोर देता है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की जीडीपी वृद्धि में तेजी लाना और निर्यात के अवसरों का विस्तार करना है, विशेष रूप से हार्डवेयर, सिरेमिक, लेमिनेट और पेंट क्षेत्रों में। कैपेक्सिल के प्रवक्ता ने कहा, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने, वैश्विक साझेदारी को प्रोत्साहित करने और निर्माण सामग्री उद्योग में हमारे देश की अद्वितीय क्षमताओं को प्रदर्शित करने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

## पीडब्लूएनसैट ने विद्यार्थियों की सफलता के सम्मान में 2.2 करोड़ रुपये से अधिक के कैश पुरस्कार वितरित किए

**मुंबई, एजेंसी।** एजुकेशन प्लेटफॉर्म, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने पूरे देश में आयोजित नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (पीडब्लूएनसैट) 2024 में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 1,581 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। अकेले भोपाल में पीडब्लू ने 13 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। शिक्षा प्राप्त करना आसान बनाने के लिए पीडब्लू ने इस पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को 2.2 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार वितरित करके उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया। देश में स्कॉलरशिप के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट, पीडब्लूएनसैट में




पूरे देश से 15.5 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

250 करोड़ रुपये के पीडब्लूएनसैट 2024 स्कॉलरशिप फंड द्वारा पीडब्लू का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस की फिक्र किए बगैर कोचिंग प्राप्त करने में समर्थ बनाना है। पीडब्लूएनसैट 2024 का उद्देश्य जेईई और नीट प्रत्याशियों को फैकल्टी, संसाधन और अध्ययन का वातावरण प्रदान करना है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम वित्तीय सहायता के अलावा, रहने की व्यवस्था में सहयोग और मेंटरशिप भी उपलब्ध कराएगा ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने शैक्षणिक उद्देश्य प्राप्त कर सकें। इस साल, 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को कम से कम 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप मिली।

# 33 साल पुरानी है अहमद खान और अक्षय कुमार की दोस्ती, निर्माता बोले- वह कभी नहीं बदले








**निर्देशक** अहमद खान ने हाल ही में अक्षय कुमार की कड़ी मेहनत और काम को लेकर उनके जुनून की तारीफ की। खान ने अपनी 33 साल पुरानी दोस्ती का जिक्र करते उन्हें विनम्र और अपना सहयोगी भी बताया। अहमद खान 'वेलकम टू द जंगल' के लिए अक्षय कुमार के साथ काम कर रहे हैं। निर्माता ने अक्षय कुमार को क्रिएटिव बताते हुए एक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा, अक्षय और मेरे बीच 33 साल पुरानी दोस्ती है। हमने साथ में 1993 में आई 'सुहाग' से लेकर 2025 में रिलीज को तैयार 'वेलकम टू द जंगल' तक में काम किया है। वक्त के साथ हमारा रिश्ता मजबूत होता गया। मुझे याद है कि 'रंगीला' से पहले 'सुहाग' के लिए अक्षय ने मुझे म्यूजिक पर काम करने के लिए कहा था।

वह क्रिएटिव है और नई सोच रखता है, इसलिए वह चाहता था कि मैं फिल्म में ऐसा करूं और हमने उस पर काम भी किया। उन्होंने आगे कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कोई भी हीरो या कोरियोग्राफर ऐसा करने की कोशिश नहीं करेगा, क्योंकि यह उसका परिचय था, जब हमने इसे शूट किया, तो हमने खूब मजे भी किए और यह शानदार के साथ सफल भी रहा। इसके बाद हम दोनों करियर में आगे बढ़ते गए और अक्षय के साथ मैंने कई प्रोजेक्ट किए। हमारा रिश्ता हमेशा एक जैसा रहा है। फिल्म निर्माता ने आगे कहा, अक्षय का उत्साह, एनर्जी और सबसे अच्छी बात, जो मैंने उनसे सीखी, वह यह है कि उन्होंने वह सब कुछ हासिल किया है, जो वह चाहते थे।

## ग्रैमी 2025:

### अवॉर्ड विनर लेडी गागा ने कहा- 'समलैंगिक समुदाय को आगे बढ़ने का हक



**लॉस एंजिल्स**। गायिका लेडी गागा ने सर्वश्रेष्ठ पॉप जोड़ी प्रदर्शन के लिए ग्रैमी सम्मान जीतने के बाद 'समलैंगिक समुदाय' का आभार जताया और कहा कि इन्हें भी आगे बढ़ने का अधिकार है। रिपोर्ट के अनुसार, गागा ने कहा, आप सभी के लिए गाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आज बस इतना कहना चाहती हूं कि ट्रांस लोग गुम नहीं हैं। ट्रांस लोग प्यार के हकदार हैं। समलैंगिक समुदाय को ऊपर उठने का हक है। संगीत प्यार है। धन्यवाद।

गागा ने ब्रूनो मार्स के साथ उनके गीत डाई विद ए स्माइल के लिए सर्वश्रेष्ठ पॉप जोड़ी/समूह प्रदर्शन के लिए ग्रैमी जीता। ट्रांस लोगों के लिए दिए गए बयान में गागा ने प्रत्यक्ष रूप से किसी का उल्लेख नहीं किया। हालांकि, उनका बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रांस लोगों को लेकर आए आदेश के बीच आया। ट्रंप की सरकार केवल दो लिंगों को मान्यता देगी। आदेश के अनुसार सरकार केवल दो लिंगों, पुरुष और महिला, को मान्यता देगी। गागा लंबे समय से एलजीबीटीक्यू समुदाय की सहयोगी रही हैं।

उनका एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका नाम 'बॉर्न दिस वे' है। गागा का फाउंडेशन युवाओं को विनम्र बनने के साथ ही मजबूत दुनिया के निर्माण के लिए तैयार करता है। गागा अपने गीतों के जरिए अक्सर समलैंगिक लोगों का साथ देती नजर आती हैं। ग्रैमी इवेंट से पहले, गागा ने लॉस एंजिल्स में लगी विनाशकारी जंगल की आग के बाद श्रद्धांजलि देने के लिए मार्स के साथ कैलिफोर्निया ड्रीमिन गीत प्रस्तुत किया था।

### बेस्ट कंट्री एल्बम अवॉर्ड जीतकर 'सम्मानित' महसूस कर रहीं बेयोंसे



**लॉस एंजिल्स**। अमेरिकी गायिका-गीतकार बेयोंसे ने 67वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में बड़ी जीत हासिल की। गायिका को उनके काउबॉय कार्टर के लिए ग्रैमी के 'एल्बम ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया। बेयोंसे ने चार्ली एक्ससीएक्स, जैकब कोलियर, बिली इलिश, चैपल रोआन, टेलर स्विफ्ट, आंद्रे और सबरीना कारपेंटर को पछाड़कर एल्बम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता है। अपनी बेटी ब्लू आइवी कार्टर के साथ नोल्स ने कहा, मैं बहुत संतुष्ट और सम्मानित महसूस कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं ग्रैमी, हर गीतकार, हर सहयोगी, हर निर्माता, सभी की कड़ी मेहनत का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

रिपोर्ट के अनुसार, बेयोंसे को 11 श्रेणियों में नामांकन मिला था, उसके बाद बिली इलिश, केंड्रिक लैमर, पोस्ट मेलोन और चार्ली एक्ससीएक्स ने सात-सात और टेलर स्विफ्ट, सबरीना कारपेंटर और चैपल रोआन को छह-छह नामांकन मिले।

## तब्बू ने जताई प्रियदर्शन की फिल्म हेरा फेरी 3 में एंट्री की संभावना

### मेरे बिना कास्ट पूरी नहीं होगी

हाल ही में प्रियदर्शन ने अपनी फिल्म हेरा फेरी 3 का एलान किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल और अक्षय कुमार एक बार फिर नजर आएंगे। इस बीच तब्बू ने भी फिल्म में एंट्री के संकेत दिए हैं।

हाल ही में निर्देशक प्रियदर्शन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर फिल्म हेरा फेरी 3 बनाने का एलान किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को यह खबर दी। अपने पोस्ट में उन्होंने अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी को टैग किया। हेरा फेरी की तीसरी कड़ी के एलान ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। अब तब्बू ने संकेत दिया है कि वे भी कास्ट में शामिल हो सकती हैं।

### प्रियदर्शन ने दिया रिटर्न गिफ्ट

प्रियदर्शन ने 30 जनवरी को अपना जन्मदिन मनाया। अक्षय कुमार ने एक पोस्ट लिखकर प्रियदर्शन को बधाई दी और कहा कि आपके साथ जन्मदिन मनाने का इससे बेहतर तरीका और क्या होगा कि मैं पूरा दिन आपके साथ सेट पर ही बिताऊं। इसके जवाब में प्रियदर्शन ने एक पोस्ट शेयर किया और लिखा, मैं भी रिटर्न गिफ्ट देता हूं और मैं हेरा फेरी 3 बनाना चाहता हूं। क्या तुम तैयार हो? पोस्ट में उन्होंने अक्षय, सुनील शेट्टी और परेश रावल को टैग किया।

## क्या मानुषी छिल्लर रेस 4 में शामिल हो रही हैं?



**रेस 4** को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है और फिल्म से जुड़ा नया नाम मानुषी छिल्लर का है। रिपोर्टों से पता चलता है कि मिस वर्ल्ड और फैशन आइकन बहुप्रतीक्षित सीक्वल में मुख्य अभिनेत्रियों में से एक हो सकती हैं। अगर अफवाहें सच होती हैं, तो मानुषी उस कास्ट में शामिल हो जाएंगी, जिसमें कथित तौर पर सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा शामिल हैं, जो फ्रैंचाइज़ी में वापसी कर रहे हैं। हालाँकि उनकी भूमिका के बारे में विवरण अभी भी गुप्त हैं, प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि वह फिल्म के रहस्य, विश्वासघात और अप्रत्याशित मोड़ के मिश्रण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में डांस और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए सराही गई मानुषी की एंट्री से रेस यूनिवर्स में नई ऊर्जा और ग्लैमर आ सकता है। फिल्म 2025 में फ्लोर पर जाने की उम्मीद के साथ, उत्साह बढ़ रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार अभी भी किया जा रहा है। तब तक, प्रशंसक केवल इंतजार कर सकते हैं और जैसे - जैसे अधिक जानकारी सामने आएगी, वो देख सकते हैं।



**राजकुमार राव ने की हद पार...**

# पत्नी पत्रलेखा प्रोड्यूस करेंगी उनकी कंजूसी की कहानी

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की नई फिल्म टोस्टर का टीजर जारी हो चुका है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का टीजर आज, सोमवार को नेटफ्लिक्स ने जारी किया। टीजर में राजकुमार और सान्या मल्होत्रा की जिंदगी रोलर कोस्टर की सवारी की तरह दिखाई गई है। रामकुमार और सान्या पति पत्नी है, जहां पति बेहद कंजूस है और फालतू पैसे खर्च करने से बचता है।

**फिल्म की कहानी**


टीजर में दिखाया गया है कि पैसे बचाने वाले राजकुमार को तगड़ा झटका तब लगता है, जब उन्हें अपनी पत्नी सान्या के साथ एक शादीशुदा जोड़े को टोस्टर तोहफे में देना होता है, जिसकी कीमत पांच हजार रुपये है। ऐसे में छह रुपये बचाने वाले राजकुमार के लिए पांच हजार खर्च करना आसान नहीं होता, लेकिन आखिरकार वे टोस्टर खरीदते हैं और तोहफे में भी देते हैं। इस दौरान शादी में मौजूद हर मेहमान को राजकुमार टोस्टर की कीमत हर बार बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं।

**● निर्माताओं का पोस्ट**

हालांकि, शादी टूट जाती है, लेकिन राजकुमार को अपने टोस्टर की चिंता होती है। ऐसे में अब उन्हें अपना टोस्टर वापस पाना है और इसके इर्द-गिर्द ही हंसी-ठहाकों की कहानी बुनी गई है। टीजर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, इतने में कितना मिलेगा? सब मिलेगा राजकुमार, सान्या और तबाही, दुर्घटनाओं और शादी के माध्यम से एक जंगली यात्रा.. सब एक टोस्टर के लिए। टोस्टर जल्द ही आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर।

# नेहा शर्मा ने सप्ताहांत में अपनी बेहतरीन जगह के बारे में बताया

**अभिनेत्री नेहा शर्मा अपने इंस्टाग्राम पोस्ट से माहौल को गर्म करने में कभी असफल नहीं होती हैं और उनका हालिया अपडेट इसका सबूत है। अभिनेत्री ने अपने आनंदमय रविवार की झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।**



**यमला** पगला दीवाना 2 की अभिनेत्री अपने सोफे पर पोज देती नजर आईं, उन्होंने सिर्फ एक ओवरसाइज्ड सफेद शर्ट और सफेद मोजे पहने हुए थे। नेहा शर्मा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, बेहतरीन जगह..हैप्पी संडे! दिवा के इंस्टा पोस्ट में एक स्वादिष्ट केक की तस्वीर के साथ-साथ कई खूबसूरत फूलों का वीडियो भी शामिल था। शानदार तस्वीरों से मंत्रमुग्ध होकर, एक नेटिजन ने टिप्पणी की, रविवार आपके लिए खुशनुमा है!! इससे पहले, नेहा शर्मा ने अपनी बहन आयशा शर्मा के लिए एक विशेष जन्मदिन पोस्ट संकलित किया, क्योंकि वह 25 जनवरी को 33 वर्ष की हो गईं। स्टनर ने बहनों की जोड़ी की मजेदार तस्वीरों की एक स्ट्रिंग साझा की, साथ ही निम्नलिखित शब्द लिखे, अपना जादू चालू करो, वह मुझसे कहेगी... आप जो कुछ भी चाहते हैं वह एक सपना है... इस दबाव में, इस भार के तहत... हम हीरे हैं... यहां एक साथ हीरे बनने की बात है और जब भी दुनिया आप पर दबाव डालती है, तो आप जानते हैं कि मैं आपके साथ हूं, अभी और हमेशा। जन्मदिन मुबारक। पोस्ट में उन्होंने अपनी बहन के आईडी को टैग किया। नेहा शर्मा जल्द ही बहुचर्चित ड्रामा, दे दे प्यार दे 2 में दिखाई देंगी। अंशुल शर्मा द्वारा अभिनीत, यह फिल्म 2019 की फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू ने अभिनय किया था।

रकुल प्रीत सिंह आयशा खुराना की भूमिका में फिर से नज़र आएंगी, जबकि अजय देवगन एक बार फिर आशीष मेहरा की भूमिका में नज़र आएंगे। इसके अलावा, आर. माधवन को भी फ़िल्म में आयशा के पिता देव खुराना की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने बेचा मुंबई स्थित अपार्टमेंट

## • 61 प्रतिशत मुनाफे के साथ करोड़ों में हुई डील



**सोनाक्षी** सिन्हा ने मुंबई स्थित अपना अपार्टमेंट 22.05 करोड़ रुपये में 61 प्रतिशत के मुनाफे के साथ बेच दिया है। आइए आपको बताते हैं ये अपार्टमेंट मुंबई के किस इलाके में स्थित है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने बांद्रा वेस्ट में स्थित अपना लग्जरी अपार्टमेंट 22.50 करोड़ रुपये में बेच दिया है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट देखने के बाद स्क्वॉयर यार्ड की वेबसाइट पर इन्सपेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन ने ये रिपोर्ट जारी की है। इस अपार्टमेंट की कीमत जनवरी 2025 में रिजिस्टर हो चुकी है। सोनाक्षी सिन्हा ने साल 2020 में 14 करोड़ में अपनी प्रॉपर्टी खरीदी थी। 22.50 करोड़ रुपये में इस अपार्टमेंट को बेचा है। इस अपार्टमेंट की कीमत में 61 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। खबरों की मानें तो सोनाक्षी सिन्हा के पास 81 ऑरिएट में एक और अपार्टमेंट है। रिपोर्ट के अनुसार सेल डीड के मुताबिक इस प्रॉपर्टी की खरीदार रिचो बंसल हैं। 45 साल की यह महिला पूर्वी दिल्ली में प्रीत विहार इलाके की रहने वाली हैं। उन्होंने जनवरी 2025 में ही इस प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के लिए दस्तावेज दाखिल किया था।

साभार एजेंसी

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम पर अपनों को ही नहीं भरोसा, इन 6 खिलाड़ियों का राज किया बेपर्दा

**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान ने अपनी टीम का ऐलान तो कर दिया है. मगर क्या ये टीम अपनी मेजबानी में आईसीसी का टूर्नामेंट जीतने में सक्षम है? ये सवाल इसलिए क्योंकि पीसीबी ने जो टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी है, उस पर उसके अपनों के लिए ही भरोसा करना मुमकिन नहीं हो रहा.

उनके भरोसा ना करने की वजह है टीम सेलेक्शन. पाकिस्तान के जिस दिग्गज ने चैंपियंस ट्रॉफी की टीम पर सवाल उठाए हैं, वो अब्दुर रऊफ खान हैं. एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर टीम से जुड़े शो में उन्होंने उसकी आलोचना की है.

### बाबर आजम भरोसे पाक टीम?

टीवी चैनल पर प्रसारित हुए कार्यक्रम में कहा गया कि पाकिस्तानी टीम बाबर आजम के भरोसे है. चैंपियंस ट्रॉफी में बाबर आजम का बल्ला चला तो ही कुछ हो सकता है. शो में बाबर आजम के अलावा थोड़ा बहुत विश्वास साउद शकील पर भी दिग्गजों ने जताया. लेकिन. इन दो के अलावा बाकियों पर यकीन की कोई लकीर खींचती नहीं दिखी.



### 6 खिलाड़ियों का राज हुआ बेपर्दा!

पाकिस्तानी दिग्गज के लिए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी टीम पर यकीन कर पाना इसलिए भी मुश्किल हो रहा था क्योंकि उसमें शामिल 6 खिलाड़ियों से जुड़ा राज हिला देने वाला था. ये वो 6 खिलाड़ी है, जिनमें से कोई वनडे खेला ही नहीं है और किसी को खेले लगभग 2 साल बीत गए. आइए एक नजर डालते हैं टीम में शामिल ऐसे 6 खिलाड़ियों पर.

**फखर जमां-** इन्होंने आखिरी वनडे पाकिस्तान के लिए 2023 के वर्ल्ड कप में खेला था.

**उस्मान खान-** पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में ये अपना डेब्यू करते दिख सकते हैं.

**फहीम अशरफ-** आखिरी बार 2023 के एशिया कप में पाकिस्तान के लिए वनडे खेलते नजर आए थे.

**खुशदिल शाह-** इन्होंने ने भी अक्टूबर 2023 के बाद से कोई वनडे मुकाबला नहीं खेला है.

अबरार अहमद और तैयब ताहिर- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम में चुने गए ये दो वो खिलाड़ी हैं, जिनके पास अभी 5 से कम वनडे का ही अनुभव है.

अबरार ने 4 वनडे जबकि तैयब ने 3 वनडे खेले हैं. चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है, जिसमें पाकिस्तान अपने अभियान का आगाज पहले ही दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा.

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हुए बदलाव

# टीम इंडिया में भारी फेरबदल 10 खिलाड़ी किए गए बाहर...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया में भारी फेरबदल हुआ है. 10 खिलाड़ी टीम से बाहर हो गए हैं. वहीं उनकी जगह पर 9 दूसरे खिलाड़ियों को मौका मिला है. ये बदलाव चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम में नहीं बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज की टीम में हुआ है. दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ 5 ञ20 की सीरीज के लिए जिन 15 खिलाड़ियों को चुना गया था, उनमें से 10 वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे. उन्हें बाहर कर 9 दूसरे खिलाड़ियों को वनडे की भारतीय टीम में जगह दी गई है.

### इन 10 खिलाड़ियों को किया बाहर!

अब टीम इंडिया से बाहर और अंदर होने वाले खिलाड़ी हैं कौन-कौन, आइए एक नजर जरा उन पर डालते हैं. टी-20 सीरीज खेलने वाले जिन 10 खिलाड़ियों को वनडे सीरीज की टीम इंडिया से बाहर किया गया है, उनमें- संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और ध्रुव जुरैल-के नाम शामिल हैं. सूर्या, सैमसन, अभिषेक, बिश्नोई, वरुण और तिलक टी-20 सीरीज के सभी 5 मैचों में खेलते दिखे थे. वहीं रिंकू सिंह पहले 3 मैचों का हिस्सा रहे थे. जुरैल और दुबे ने 2-2 मैच खेले जबकि रमनदीप सिंह को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला.

### ये 9 खिलाड़ी टीम के अंदर!

अब जिन खिलाड़ियों की वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में एंट्री हुई है, उनमें- रोहित शर्मा, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत. केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और कुलदीप यादव- के नाम शामिल हैं. इनमें से कुलदीप यादव अक्टूबर 2024 और श्रेयस अय्यर अगस्त 2024 के बाद इंटरनेशनल मैच खेलते दिखेंगे.

### वनडे सीरीज के लिए टीम में बदलाव

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम में हुए बदलाव की वजह तो आप समझ ही गए होंगे. ये वजह है इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज, जिसका आगाज 6 फरवरी से होगा. पहला वनडे नागपुर में खेला जाएगा. वहीं दूसरे वनडे के लिए भारत और इंग्लैंड की टीम कटक के लिए कूच करेगी, जहां 9 फरवरी को मैच होगा. वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा.

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्यों उठाया सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन पर सवाल

# एम्बाप्पे को नहीं पता स्ट्राइकर की जगह कैसे खेला जाता है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर कीलियन एम्बाप्पे बीते साल रियल मैड्रिड का हिस्सा बने थे। एम्बाप्पे इससे पहले पीएसजी में शामिल थे। एम्बाप्पे के लिए सफर आसान नहीं रहा है और अब दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो उनके समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने फैंस से इस युवा का समर्थन करने को लेकिन साथ ही यह भी कहा कि एम्बाप्पे को स्ट्राइकर के तौर पर खेलना नहीं आता है।

रोनाल्डो ने एल चिरिंगिट के इंटरव्यू में कहा कि एम्बाप्पे को स्ट्राइकर की जगह खेलना नहीं आता है। उन्होंने कहा, मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं, और केवल उस कहानी के कारण नहीं जो उनके पास एक युवा व्यक्ति के रूप में थी कि वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो से बहुत प्यार करते थे और वह उनके आदर्श थे। उन्होंने कहा कि एम्बाप्पे एक नेचुरल स्ट्राइकर नहीं है। उन्हें इस नंबर पर खेलना नहीं आता। रोनाल्डो ने कहा, स्ट्राइकर की स्थिति एम्बाप्पे के लिए थोड़ी मुश्किल बना देती है, क्योंकि मेरी राय में वह नहीं जानता कि स्ट्राइकर के रूप में कैसे खेलना हैज ऐसा नहीं है कि वह नहीं जानता, यह उसकी पॉजिशन नहीं है।

अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने कहा, 'अगर मैं रियल मैड्रिड में होता तो मैं उसे नंबर 9 के रूप में खेलना सिखाता। क्योंकि मैं स्ट्राइकर नहीं था। मुझे स्ट्राइकर के रूप में खेलने की आदत हो गई है। मैंने विंग पर खेला और लोग भूल गए। एम्बाप्पे को एक आम स्ट्राइकर की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। उसे वैसा ही देखा जाना चाहिए जैसा एक युवा रोनाल्डो खेला करता था।

### नेशनल गेम्सः

# बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने राष्ट्रीय खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

**देहरादून, एजेंसी।** एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल अरब ने देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। अनमोल ने महिला एकल फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को सीधे गेम में हराया। अनमोल ने पिछले साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह दिसंबर में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। उन्होंने पिछले साल बेल्जियम और पोलिश इंटरनेशनल में खिताब जीते थे।

### स्वर्ण पदक जीता



एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन की अन्य स्पर्धाओं में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने मिश्रित युगल फाइनल में दीप रामभिया और अक्षय वारंग को 21-11, 20-22, 21-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष युगल में नितिन एचवी और प्रकाश राज एस ने एकतरफा फाइनल में वैभव और आशिथ सूर्या को 21-16, 21-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

## कोंस्टास को टेस्ट टीम में नहीं मिली जगह, पूर्व क्रिकेटर इयान हीली ने कोंस्टास को घर भेजने वाली मांग का समर्थन किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली ने भी सैम कोंस्टास को श्रीलंका दौरे से वापस घर भेजने की मांग का समर्थन किया है, ताकि यह युवा खिलाड़ी इस साल के अंत में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से पहले कुछ महत्वपूर्ण शेफील्ड शील्ड मैच खेल सके। कोंस्टास ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में शानदार डेब्यू प्रदर्शन करके धूम मचा दी थी। उनकी बल्लेबाजी की धार ने काफी सुर्खियां भी बटोरी थीं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ उनका सामना यादगार रहा। हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में खेलने के बाद 19 वर्षीय खिलाड़ी को गाले में श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया टीम में जगह नहीं मिली है। कोंस्टास की जगह जोश इंगलिस ने जगह बनाई, जबकि ट्रेविस हेड ने ओपनिंग की। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया ने गाले में मेजबान टीम पर दबदबा बनाया , इसलिए गुरुवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है। इयान हीली का मानना है कि कोंस्टास को शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलने के लिए स्वदेश लौटना चाहिए, ताकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्हें रेड-बॉल का अधिक अनुभव मिल सके। हीली ने कहा, आप टेस्ट टीम में सिर्फ मौके नहीं देते, इसलिए जब तक सभी फिट हैं, तब तक वही टीम रहेगी।

### शिवम दुबे को भी लिया साथ

# सूर्यकुमार यादव ने खोई फार्म हासिल करने के लिए उठाया बड़ा कदम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव ने अपनी खोई फार्म हासिल करने के लिए रणजी ट्रॉफी का रुख कर लिया है। सूर्यकुमार यादव और स्टार ऑलराउंडर शिवम दुबे ने चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा के खिलाफ चल रहे मैच के लिए मुंबई टीम में उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। घरेलू मैदानों पर भारतीय टीम ने इंग्लैंड पर 4-1 से टी20 सीरीज जीती थी।

सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जोकि भारत की आगामी वनडे सीरीज और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का हिस्सा नहीं हैं, अब रणजी में फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान की शुरुआत करेगा। फिर वह 23 फरवरी को पाकिस्तान से भिड़ेंगे। इसके बाद 8 देशों के टूर्नामेंट में 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप गेम होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरुआत 6 फरवरी से नागपुर में होगी। दूसरा वनडे और तीसरा वनडे क्रमशः 9 और 12 फरवरी को कटक और अहमदाबाद में निर्धारित है। सूर्यकुमार और शिवम दोनों भारत की वनडे योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। सूर्यकुमार का इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में स्कोर 0, 14, 12, 0 और 2 रहा है।

वहीं, मुंबई क्रिकेट टीम वर्तमान में ग्रुप ए अंक तालिका में 29 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, केवल जम्मू-कश्मीर से पीछे है, जो पिछले सप्ताह अंतिम ग्रुप मैच में बड़ौदा को हराकर 35 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक सूत्र के हवाले से कहा कि सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे ने हमें सूचित किया है कि वे क्वार्टर फाइनल के लिए उपलब्ध हैं। चयन समिति जल्द ही बैठक करेगी और इसके लिए टीम चुनेगी। सूर्यकुमार यादव ने रणजी के इस सीजन में अपनी टीम से केवल एक ही मैच खेला है।

सूर्यकुमार ने इस दौरान मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी खेला। बता दें कि रणजी ट्रॉफी 2024-25 का पहला क्वार्टर फाइनल केरल और जम्मू-कश्मीर के बीच पुणे में खेला जाएगा, जबकि विदर्भ और तमिलनाडु नागपुर में दूसरे क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे। लाहली में मुंबई बनाम हरियाणा के बीच तीसरा क्वार्टर फाइनल होगा जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल राजकोट में सौराष्ट्र और गुजरात के बीच होगा। सभी मैच 8 फरवरी से होंगे।

# करुणारत्ने ने किया रिटायरमेंट का एलान



- टेस्ट मैचों की सेंचुरी लगाकर दिग्गज लेगा संन्यास
- 14 साल लंबे ऐतिहासिक करियर को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी7** पिछले करीब डेढ़ दशक से श्रीलंकाई क्रिकेट टीम को अपनी सेवाएं दे रहे दिमुथ करुणारत्ने ने रिटायरमेंट का एलान कर दिया है. वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गॉल स्टेडियम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के बाद रिटायर हो जाएंगे. करुणारत्ने ने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह आगामी मैच उनके टेस्ट करियर का 100वां टेस्ट मैच भी होगा. उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 8 हजार से अधिक रन बनाए. श्रीलंका के एक विख्यात अखबार में छपी एक रिपोर्ट अनुसार दिमुथ करुणारत्ने का कहना है कि वो अपने करियर का 100वां टेस्ट मैच खेलने के बाद क्रिकेट के सभी पारूपों से रिटायर हो जाएंगे. उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वो रिटायरमेंट के बाद श्रीलंका छोड़ अगले महीने परिवार सहित ऑस्ट्रेलिया शिफ्ट होने वाले हैं. करुणारत्ने अपना क्रिकेट करियर का आखिरी मैच मेजर क्लब थ्री-डे टूर्नामेंट में खेलने वाले हैं. वो इस टूर्नामेंट में 14-16 फरवरी के बीच होने वाले सिंहलीज बनाम नांदेस्क्रिप्ट्स मैच में खेलेंगे.

### रिटायरमेंट पर यह बोले दिमुथ करुणारत्ने

डेली एफटी अनुसार दिमुथ करुणारत्ने ने अपनी रिटायरमेंट पर कहा, ÷एक खिलाड़ी यदि साल में केवल चार टेस्ट मैच खेले, ऐसे में उसके लिए फॉर्म को बनाए रखना और प्रेरित रहना मुश्किल होता है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद पिछले 2-3 साल में हमें बहुत कम द्विपक्षीय सीरीज खेलने को मिली हैं. रिटायरमेंट लेने के पीछे मेरी मौजूदा फॉर्म, 100वां टेस्ट और 2023-25 डब्ल्यूटीसी सत्र का समाप्त होना भी है. मुझे लगता है कि ये रिटायरमेंट के लिए सही समय है.

### दिमुथ करुणारत्ने का करियर

दिमुथ करुणारत्ने ने साल 2011 में एक वनडे मैच खेलते हुए श्रीलंका के लिए इंटरनेशनल डेब्यू किया था. अपने करियर में उन्होंने अब तक 99 टेस्ट मैच खेलकर 7,172 रन बनाए हैं. उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 16 शतक और 39 हाफ-सेंचुरी भी लगाई हैं. वनडे करियर में उन्होंने 50 मैच खेलते हुए कुल 1,316 रन बनाए हैं. वनडे मैचों में उनके नाम एक शतक और 11 फिफ्टी हैं. 14 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय करियर में उन्होंने 8 हजार से अधिक रन और 17 शतक जड़े.

# आईपीएल में नहीं मिला खरीदार पर अब की रनों की बरसात




**नई दिल्ली, एजेंसी7** आईपीएल 2025 में कई ऐसे बड़े नाम थे जिन्हें खरीदार नहीं मिला। किसी भी फ्रैंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नायब भी लीग के अनसोल्ड खिलाड़ियों में शामिल रहे। हालांकि अब इंटरनेशनल लीग टी20 में इस खिलाड़ी का धमाल देखने को मिल रहा है। वह एक के बाद एक तूफानी पारियां खेल रहे हैं। तीन फरवरी 2025, सोमवार को उन्होंने डेजर्ट वाइपर्स के खिलाफ भी ऐसी ही पारी खेली।

**शारजाह में लॉकी फर्ग्यूसन की टीम नहीं कर पाई कमाल**

शारजाह में खेले गए मुकाबले में लॉकी फर्ग्यूसन की कसानी वाली डेजर्ट वाइपर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 137 रन बनाए। टीम की ओर से कोई भी अर्धशतक नहीं लगा पाया। सबसे ज्यादा रन डैन लॉरेंस के बल्ले से निकले जिन्होंने 31 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में तीन छक्के और दो चौके शामिल शामिल थे। वहीं सैम करन ने 20 गेंदों में 28 रन बनाए। उनकी पारी में दो छक्के और एक चौका शामिल था। एलेक्स हेल्स ने 18 और वानिंदु हसरंगा ने 11 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कैस अहमद ने चार, ओबेड मैकॉय ने 3 विकेट लिए।

**गुलबद्दीन नायब का कमाल**

दुबई कैपिटल्स के लिए लक्ष्य बहुत बड़ा साबित नहीं हुआ। उन्होंने 17.1 ओवर में 138 रन बनाए। पहले विकेट के लिए एडम रॉसिंगटन और शे होप के बीच 42 रन की साझेदारी हुई। एडम के आउट होने के बाद गुलबद्दीन नायब क्रीज पर आए। उन्होंने और होप ने टीम की जीत तय की। नायब ने 31 गेंद में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने चार छक्के और तीन चौके लगाए।

**दिल्ली कैपिटल्स को अंकतालिका में फायदा**

इस जीत के साथ दुबई कैपिटल्स की टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने 10 मैचों में छह जीत हासिल की है। उसके 12 अंक हैं। वहीं मुकाबला गंवाने के बावजूद डेजर्ट वाइपर्स अब भी 14 अंको के साथ अंकतालिका के टॉप पर है। गुलबदीन ने इस लीग में अब तक 10 मैच खेले हैं। इन 10 मुकाबलों में उन्होंने 44.86 के औसत से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 158.59 का रहा। आईपीएल मेगा ऑक्शन में किसी भी फ्रैंचाइजी ने इस खिलाड़ी में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी।

# ट्रंप कनाडा एवं मेक्सिको पर शुल्क संबंधी फैसले का क्रियान्वयन 30 दिन के लिए रोकने पर सहमत

» वाशिंगटन, भाषा।

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग वार्ताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले के क्रियान्वयन पर कम से कम एक महीने के लिए रोक लगाने पर सहमति जताई है। चीन के खिलाफ शुल्क संबंधी फैसला मंगलवार से लागू होगा। ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए अपने पोस्ट में कहा था कि ये शुल्क अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। ट्रंप ने चीन से सभी आयात पर 10 प्रतिशत और मेक्सिको एवं कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए आर्थिक आपातकाल की घोषणा की थी।**



कनाडा से आयातित ऊर्जा पर 10 प्रतिशत की दर से कर लगाने का फैसला किया गया था। इसके बाद, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था, व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) द्वारा की गई कार्रवाई ने हमें एकजुट करने के बजाय अलग कर दिया है। उन्होंने कहा था कि उनका देश शराब और फलों सहित 155 अरब डॉलर तक के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। ट्रंप के इस कदम के बाद मेक्सिको की राष्ट्रपति ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए शुल्क लगाने का आदेश दिया था। चीन ने ट्रंप की कार्रवाई पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बहरहाल, ट्रूडो ने एक्स पर हालिया बयान में कहा कि ट्रंप के साथ बातचीत में उन्होंने सीमा सुरक्षा पर अतिरिक्त सहयोग का वादा किया। ट्रूडो ने कहा, प्रस्तावित शुल्क को कम से कम 30 दिन के लिए रोक दिया जाएगा और हम साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रंप द्वारा शुल्क लागू करने के कदम को अस्थाई रूप से टाले जाने के बाद वह भी अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई रोक रहे हैं। शिनबाम ने भी घोषणा की कि ट्रंप ने मेक्सिको पर लगाए गए योजनाबद्ध शुल्क को एक महीने के लिए रोक दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद यह फैसला किया गया। व्हाइट हाउस ने भी एक बयान में इसकी पुष्टि की है। शिनबाम ने एक्स पर पोस्ट किया, मेक्सिको तुरंत नेशनल गार्ड के 10,000 सदस्यों की तैनाती के साथ उत्तरी सीमा को मजबूत करेगा, ताकि मेक्सिको से अमेरिका में फेंटेनाइल सहित मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अमेरिका भी मेक्सिको में शक्तिशाली हथियारों की तस्करी रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। मेक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा और व्यापार पर बातचीत जारी रखेंगे।

### अमेरिका अपनी सीमा की सुरक्षा को लेकर सख्त

# अवैध प्रवासियों को हटा रहे हैं : अमेरिका

» नई दिल्ली, भाषा।

**अमेरिका के एक सैन्य विमान द्वारा कुछ अवैध प्रवासियों को भारत लाने की खबरों के बीच यहां अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका आव्रजन कानूनों को सख्त कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के करीब दो सप्ताह बाद अवैध भारतीय नागरिकों को निर्वासित करने का पहला दौर शुरू हुआ है। ट्रंप ने अमेरिका में रहने वाले अवैध प्रवासियों से निपटने के लिए सख्त नीतिगत दृष्टिकोण अपनाने का वादा किया है और वह पहले ही आव्रजन से संबंधित कई शासकीय आदेशों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। अवैध प्रवासियों के एक समूह को भारत लाने वाली उड़ान के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन जोर देकर कहा कि अमेरिका अवैध प्रवासियों को निकाल रहा है। अधिकारी ने कहा, मैं उन जांच के बारे में कोई विवरण साझा नहीं कर सकता, लेकिन मैं रिकॉर्ड पर साझा कर सकता हूं कि अमेरिका अपनी सीमा की सुरक्षा को लेकर सख्त है, आव्रजन कानूनों को सख्त कर रहा है और अवैध प्रवासियों को हटा रहा है।**



उन्होंने कहा, ये एक स्पष्ट संदेश है कि अवैध प्रवास जोखिम से भरा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 27 जनवरी को फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका से अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के मामले में वही करेगा जो सही होगा। पिछले महीने विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा था कि वह अवैध आव्रजन का विरोध करता है और अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस लेने के लिए तैयार है, बशर्ते उनकी राष्ट्रीयता सत्यापित हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 24 जनवरी को कहा कि भारत अवैध आव्रजन का विरोध करता है, क्योंकि इसका संबंध संगठित अपराध के कई रूपों से है। उन्होंने कहा, हम उन्हें वापस ले लेंगे, बशर्ते हमारे साथ दस्तावेज साझा किए जाएं ताकि हम उनकी राष्ट्रीयता सत्यापित कर सकें और यह पता लगा सकें कि वे वास्तव में भारतीय हैं। जायसवाल ने कहा कि अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय प्रवासियों की संख्या के बारे में अभी बात करना जल्दबाजी होगी।

## अमेरिकी न्यायाधीश ने संघीय अनुदान रोकने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर अस्थाई रोक की अवधि बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक न्यायाधीश ने संघीय अनुदान और ऋश रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासनिक फैसले पर अस्थाई रूप की अवधि बढ़ा दी है। कुछ गैर-लाभकारी समूहों ने कहा था कि वे अब भी वह अनुदान और ऋण पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसका उनसे वादा किया गया था। इसके बाद न्यायाधीश ने यह फैसला किया। अमेरिकी जिला न्यायाधीश लोरेन एल. अलीखान ने संघीय अनुदान रोकने के प्रशासन के फैसले के प्रभावी होने से कुछ ही मिनट पहले पिछले सप्ताह इस पर रोक लगा दी थी। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले पर सोमवार दोपहर तक रोक लगाई गई थी लेकिन न्यायाधीश ने इसकी अवधि को बढ़ाने का फैसला किया है। रोड आइलैंड के एक अन्य न्यायाधीश ने भी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शासित लगभग दो दर्जन राज्यों की ओर से दायर एक अलग मुकदमे में संघीय अनुदान रोकने के फैसले पर रोक लगा दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने संघीय व्यय की समग्र वैचारिक समीक्षा शुरू करते हुए यह रोक लगाने की योजना बनाई है। इस योजना के कारण वे संगठन चिंतित हो गए हैं जो वित्तीय रूप से संघीय अनुदानों एवं ऋण पर निर्भर हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि ऋण और अनुदान को रोकने का निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि खर्च ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेशों के अनुरूप हो।

## यूक्रेन की सहायता करेंगे बशर्ते कि उसके दुर्लभ खनिज तत्व अमेरिका को मिलें : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को संकेत दिया कि वह रूस के खिलाफ युद्ध में अमेरिकी समर्थन इस शर्त पर जारी रखने पर सहमत हैं कि यूक्रेन अपनी धरती पर मिलने वाले दुर्लभ खनिज तत्वों तक अमेरिकी पहुंच को लेकर समझौता करे। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यालय) में पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन को अपने यूरोपीय सहयोगियों की तुलना में कहीं अधिक सैन्य और आर्थिक सहायता भेजी है। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन के साथ एक ऐसा समझौता करना चाहते हैं, जिसके तहत हम उन्हें जो कुछ भी दे रहे हैं, उसके बदले में वे हमें अपने दुर्लभ खनिज तत्व दें। ट्रंप ने सुझाव दिया कि उन्हें यूक्रेन की सरकार से यह संदेश मिला है कि वह आधुनिक उच्च प्रौद्योगिकी वाली अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण तत्वों तक अमेरिका को पहुंच प्रदान करने संबंधी एक समझौता करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने कहा, मैं धरती पर मिलने वाले इन दुर्लभ खनिज तत्वों का संरक्षण चाहता हूं। हम सैकड़ों अरब डॉलर खर्च कर रहे हैं। उनके पास बहुत बढ़िया दुर्लभ खनिज तत्व हैं और मैं इन दुर्लभ खनिज तत्वों का संरक्षण चाहता हूं। वे ऐसा करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने पहले कहा था कि वह युद्ध को तेजी से समाप्त करेंगे औ इसके लिए बातचीत जारी है। ट्रंप ने कहा, हमने रूस और यूक्रेन के मामले में बहुत प्रगति की है। देखते हैं कि क्या होता है। हम उस बेतुके युद्ध को रोकने जा रहे हैं।

## आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए श्रीलंका को एकजुट होना होगा : राष्ट्रपति दिसानायके



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को कहा कि उनके देश को वैश्विक आर्थिक प्रणाली की कमजोरियों के आगे झुकने के बजाय आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। दिसानायके ने द्वीपीय राष्ट्र के 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा, हमें इस मातृभूमि के लिए स्वतंत्रता के अपने संघर्ष को सामूहिक रूप से जारी रखना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, वैश्विक आर्थिक प्रणाली की कमजोरी के आगे झुकने और इसके उतार-चढ़ाव से प्रभावित होने के बजाय हमें अपनी आर्थिक स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए अपनी मातृभूमि की खातिर एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। द्वीप राष्ट्र 2022 के आर्थिक संकट से उभरने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसी के मद्देनजर सरकार के व्यय को न्यूनतम करने की नीति के तहत इस वर्ष सादे समारोह आयोजित किए गए। दिसानायके को 2022 के संकट के कारण तबाह हुई अर्थव्यवस्था विरासत में मिली है।

# अल साल्वाडोर हर राष्ट्रीयता के अमेरिकी निर्वासितों, हिंसक अमेरिकी अपराधियों को स्वीकार करेगा : रुबियो

» सैन साल्वाडोर, भाषा।

**अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति ने अमेरिका से किसी भी राष्ट्रीयता के निर्वासितों के साथ-साथ हिंसक अमेरिकी अपराधियों को भी स्वीकार करने की पेशकश की है। रुबियो ने बताया कि अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने दुनिया में सबसे अप्रत्याशित, असाधारण प्रवासी समझौते पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा, उन्होंने इस समय कैद और अमेरिका में सजा काट रहे खतरनाक अपराधियों के लिए भी ऐसा ही करने की पेशकश की है, भले ही वे अमेरिकी नागरिक हो या वैध रूप से अमेरिका में रह रहे हों।**

रुबियो सोमवार को अल साल्वाडोर पहुंचे थे ताकि वह यहां की सरकार पर आव्रजन के खिलाफ कार्रवाई करने समेत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की मांगों को पूरा करने का दबाव बना सकें। रुबियो 43



प्रवासियों को लेकर पनामा से कोलंबिया के लिए रवाना हुए अमेरिकी-वित्तपोषित निर्वासन विमान की उड़ान के कुछ ही समय बाद सैन साल्वाडोर पहुंचे। इससे पहले, रुबियो ने पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से रविवार को कहा था कि मध्य अमेरिकी सहयोगी को पनामा नहर क्षेत्र पर चीन के प्रभाव को तुरंत कम करना चाहिए, अन्यथा अमेरिकी प्रशासन कार्रवाई कर सकता है।

## अमेरिकी सहायता रुकने से यूक्रेन में बेघर हुए लोगों के सामने मुसीबतें खड़ी हुईं



**पाव्लोग्राड (यूक्रेन)।** पूर्वी यूक्रेन के पाव्लोग्राड में एक कन्सर्ट हॉल लोगों से भरा हुआ है और यहां मंच पर चारपाई रखी हुई हैं। रूस के साथ यूक्रेन के लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध के कारण बेघर हो चुके स्थानीय लोगों की सिसकियां हॉल में संगीत की जगह सुनाई दे रही हैं। रूसी सेना ने हाल में इलाके के कस्बों और गांवों को अपने शिकंजे में ले लिया है। पाव्लोग्राड कन्सर्ट हॉल को ऐसे स्थानीय नागरिकों के लिए एक अस्थाई केंद्र के रूप में तब्दील कर गया है, जहां लगातार रूसी बमबारी से बचकर भाग रहे लोग शरण ले रहे हैं। कटरीना ओद्राहा (83) ने कहा, यहां सब अच्छा है। यहां खाना, गर्मी और नहाने-धोने की जगह है। कटरीना वह भी दौर देख चुकी हैं जब द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उनके गांव पर नाज़ी जर्मन का कब्जा था। लेकिन यह शरणस्थल अब खतरे में पड़ सकता है। इस आश्रय गृह को चलाने में प्रति माह 7,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है और इसका 60 प्रतिशत खर्च यूक्रेन की मदद के लिए भेजे गए अमेरिकी फंड से पूरा किया जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह अन्य देशों को अमेरिका द्वारा प्रदान की जाने वाली मानवीय सहायता को 90 दिनों के लिए स्थगित करने का जो निर्णय लिया था उसका असर कई देशों में महसूस किया गया। इस निर्णय से प्रभावित स्थानों में पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम मोर्चे से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह शरणस्थली भी शामिल है। ट्रंप के इस फैसले से हजारों अमेरिकी वित्तपोषित मानवीय, विकास और सुरक्षा कार्यक्रम तत्काल रुक गए। दुनियाभर में इसके परिणाम महसूस किए जा रहे हैं। परमार्थ संगठन रिलीफ कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा संचालित यहां इस ट्रांजिट सेंटर के समन्वयक इलिया नोविकोव ने कहा, यह खबर अचानक और अप्रत्याशित थी। इस समय, हमें नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा।

### न्यूज ब्रीफ

## बांग्लादेश पुलिस ने अवामी लीग के पर्चे बांटने पर दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया

» ढाका, भाषा।



**बांग्लादेश पुलिस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के पर्चे बांटने पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अंतरिम सरकार द्वारा इस तरह के अभियान में शामिल लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद यह कदम उठाया। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने मंगलवार को खबर दी कि अवामी लीग के फेसबुक पेज पर पर्चे बांटने का वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने सोमवार रात दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अखबार ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा, उन्हें सोमवार रात नारायणगंज के बांदर उपजिला के सोनाकांडा इलाके में एक ऑटो-रिक्शा गैराज से गिरफ्तार किया गया।**

खबर में कहा गया है कि वे अवामी लीग के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पिछले दो दिनों से पर्चे बांट रहे थे। पुलिस ने कहा कि दोनों कार्यकर्ता उसकी हिरासत में हैं और उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि पर्चों में ऐसी सामग्री थी, जो कानून-व्यवस्था में व्यवधान डाल सकती थी। ये गिरफ्तारियां मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीक आलम के उस बयान के कुछ घंटों बाद हुईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि फासीवादी अवामी लीग के समर्थन में पर्चे बांटने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लगभग 16 साल पुरानी अवामी लीग सरकार को पिछले वर्ष पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद अपदस्थ कर दिया गया था। तीन दिन बाद यूनुस और उनके सलाहकारों की परिषद ने अंतरिम सरकार के रूप में शपथ ली थी।

# संरा में चीन के प्रतिनिधि ने अमेरिकी शुल्क पर कहा व्यापारिक युद्ध में किसी का फायदा नहीं होता

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने शुल्क को लेकर अमेरिकी प्रशासन पर निशाना साधते हुए इस बात पर जोर दिया कि इससे चीन जवाबी कदम उठाने को मजबूर हो सकता है और व्यापारिक युद्ध से किसी का भला नहीं होता। कांग ने कहा, हम इस अनुचित वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। हमारा मानना है कि यह डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के नियमों का उल्लंघन है। चीन फरवरी महीने के लिए 15 देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा अमेरिका में आयात होने वाली चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने के बारे में पूछे गए सवाल पर फू ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन विश्व व्यापार संगठन में शिकायत दर्ज करा रहा है और वह जवाबी कदम उठाने के लिए मजबूर हो सकता है।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने दावा किया था कि ये शुल्क अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग वार्ताओं में ट्रंप ने दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले के क्रियान्वयन पर कम से कम एक महीने के लिए रोक लगाने पर सहमति जताई है। चीन के राजदूत ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापारिक युद्ध से किसी का भला नहीं होता। हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका को अपनी समस्याओं पर गौर करना चाहिए, वास्तव में उनका समाधान करना चाहिए... ऐसा समाधान ढूंढना चाहिए जो उसके लिए तथा पूरे विश्व के लिए लाभदायक हो। फू ने कहा, सच कहूं तो, मुझे नहीं लगता कि शुल्क बढ़ाने से अमेरिका को फायदा होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अपनी अध्यक्षता में चीन 18 फरवरी को बहुपक्षवाद का अभ्यास, सुधार और वैश्विक शासन में सुधार विषय पर एक उच्च स्तरीय चर्चा आयोजित करेगा, जिसकी अध्यक्षता चीन के विदेश मंत्री वांग ई करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो बैठक के लिए न्यूयॉर्क आते हैं, तो यह दोनों विदेश मंत्रियों के बीच मुलाकात का अच्छा अवसर होगा। अमेरिका और चीन के बीच बिगड़ते संबंधों का संयुक्त राष्ट्र में दोनों देशों के बीच काम पर पड़ सकने वाले प्रभाव को लेकर फू ने कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े देशों में काफी समानताएं हैं और वे सहयोग कर सकते हैं।

## चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाया, गूगल भी जांच के दायरे में

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगा रहा है। साथ ही उसने अमेरिकी सर्च इंजन गूगल की जांच सहित अन्य व्यापार संबंधी उपायों की भी घोषणा की है। सरकार ने कहा, वह कोयला तथा तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) उत्पादों पर 15 प्रतिशत शुल्क लागू करेगी। साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़ी कारों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। बयान में कहा गया, अमेरिका की एकतरफा शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। यह अपनी समस्याओं को हल करने में कोई मदद नहीं करेगा, बल्कि यह चीन तथा अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक व व्यापार सहयोग को नुकसान पहुंचाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार से लागू हो गए। हालांकि ट्रंप ने अगले कुछ दिन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत करने की योजना बनाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने दावा किया था कि ये शुल्क अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग वार्ताओं में ट्रंप ने दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले के क्रियान्वयन पर कम से कम एक महीने के लिए रोक लगाने पर सहमति जताई है।

## दुबई में शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे सत्यार्थी व बाबा रामदेव

» दुबई, भाषा।

**नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और योग गुरु रामदेव उन प्रमुख भारतीय हस्तियों में शामिल हैं, जो अगले महीने यहां वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं। आई एम पीसकीपर मूवमेंट के अध्यक्ष डॉ. हुजैफा खोराकीवाला ने 12-13 अप्रैल को होने वाले शिखर सम्मेलन की घोषणा करते हुए कहा कि शिखर सम्मेलन कैबिनेट सदस्य और सहिष्णुता व सह-अस्तित्व मंत्री शेख नहयान मबारक अल नहयान की देखरेख में आयोजित किया जाएगा, जो मुख्य अतिथि भी होंगे।**

सम्मेलन का विषय एक ग्रह, एक आवाज वैश्विक न्याय, प्रेम व शांति है और 10 नोबेल पुरस्कार विजेता, वैश्विक विचारक, नीति निर्माता, उद्यमी, सांस्कृतिक हस्तियां, खेल हस्तियां और शांति व न्याय के पैरोकारों समेत 72 वक्ता संबोधित करेंगे। यहां एक बयान में कहा गया है कि यूएई उन कुछेक देशों में से एक है, जिसने सहिष्णुता और सौहार्द के लिए समर्पित सरकारी मंत्रालय स्थापित किए हैं। बयान में कहा गया है कि इन संस्थानों की स्थापना के साथ ही यूएई वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श स्थान बन गया है।

### नेतन्याहू का वाशिंगटन दौरा ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किसी विदेशी नेता की पहली यात्रा

# गाजा में शांति की गारंटी नहीं होने की चेतावनी के बीच ट्रंप-नेतन्याहू मुलाकात आज

» वाशिंगटन, भाषा।

**नेताओं की बातचीत में लंबे समय से प्रतीक्षित इजराइल-सऊदी अरब के बीच संबंधों के सामान्य होने को लेकर समझौते और ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में चिंताओं पर चर्चा होने की भी उम्मीद है, लेकिन बंधक समझौते के दूसरे चरण को अंतिम रूप देना एजेंडे में शीर्ष पर होगा। नेतन्याहू का वाशिंगटन दौरा ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किसी विदेशी नेता की पहली यात्रा है और प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) का समर्थन घट रहा है। नेतन्याहू भ्रष्टाचार के एक मुकदमे में हफ्ते भर से जारी गवाही में उलझे हुए हैं जिसमें उन पर मीडिया संस्थानों और धनी सहयोगियों का समर्थन करने का आरोप है। हालांकि नेतन्याहू ने आरोपों की निंदा की है।**

नेतन्याहू को ट्रंप के साथ से जनता का ध्यान इस मुकदमे से हटाने में मदद मिल सकती है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति (ट्रंप) इजराइल



में बेहद लोकप्रिय हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) द्वारा नवंबर में नेतन्याहू, उनके पूर्व रक्षा मंत्री और हमास के मारे गए सैन्य प्रमुख के खिलाफ गाजा में युद्ध के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध करने के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद से इजराइली प्रधानमंत्री की देश से बाहर यह पहली यात्रा है। अमेरिका अपने नागरिकों या क्षेत्र पर आईसीसी के अधिकार को मान्यता नहीं देता है। नेतन्याहू और ट्रंप के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ ने सोमवार को युद्धविराम समझौते के अगले चरण की मध्यस्थता का कठिन काम शुरू कर दिया। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज के साथ बैठक सकारात्मक एवं मैत्रीपूर्ण रही।

## इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर हुए हमले में छह लोग घायल, मारा गया हमलावर

**यरूशलम।** इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में मंगलवार सुबह एक जांच चौकी पर हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग घायल हो गए। इजराइली सेना और क्षेत्रीय अस्पतालों ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने बताया कि एक हमलावर ने उत्तरी वेस्ट बैंक में स्थित तयासिर गांव में एक जांच चौकी पर तैनात सैनिकों पर गोलीबारी की। सेना ने बताया कि मुठभेड़ में सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें हमलावर मारा गया। इजराइली अस्पतालों ने बताया कि गोलीबारी में घायल हुए कुल छह लोगों को भर्ती कराया गया है। इजराइली मीडिया की खबर के मुताबिक, घायलों में सैनिक शामिल हैं और उनमें से कम से कम दो गंभीर रूप से घायल हैं। हमास और छोटे इस्लामी जिहाद आतंकवादी समूह ने हमले की प्रशंसा की लेकिन किसी ने भी इसकी जिम्मेदारी नहीं ली।

# पाकिस्तान पंजीकृत अफगान शरणार्थियों को वापस भेजेगा

» इस्लामाबाद, भाषा।

**पाकिस्तान सरकार ने पंजीकृत अफगान शरणार्थियों को इस्लामाबाद और रावलपिंडी से हटाने तथा चरणबद्ध तरीके से वापस उनके देश भेजने की योजना बनाई है। डॉन अखबार ने सूत्रों के हवाले से प्रकाशित खबर में बताया कि प्राधिकारियों को बिना किसी सार्वजनिक घोषणा के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया गया है। खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में पिछले हफ्ते हुई बैठकों में इस योजना को अंतिम रूप दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक सूत्र ने पुष्टि की कि इनमें से एक बैठक में सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर भी शामिल हुए थे। खबर के अनुसार, अफगान शरणार्थियों को स्वदेश भेजे जाने की योजना के पहले चरण के तहत अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारी अफगान नागरिकों को इस्लामाबाद और रावलपिंडी से तत्काल दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा।**

खबर में कहा गया है कि एसीसी धारी अफगान नागरिकों को अवैध और बिना दस्तावेज वाले अफगान नागरिकों के साथ वापस अफगानिस्तान भेज दिया जाएगा। एसीसी एनएडीआरए (राष्ट्रीय दत्तनिधि एवं पंजीकरण प्राधिकरण) की ओर से पंजीकृत अफगान नागरिकों को जारी किया जाने वाला एक पहचान दस्तावेज है। संयुक्त राष्ट्र के



अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के अनुसार, एसीसी अफगान नागरिकों को पाकिस्तान में रहने के दौरान अस्थाई कानूनी दर्जा प्रदान करता है। हालांकि, यह तय करना संघीय सरकार के हाथों में होता है कि एसीसी कितने दिनों के लिए वैध होगा। डॉन की खबर के अनुसार, पंजीकरण प्रमाण पत्र (पीओआर) धारी अफगान नागरिकों को पाकिस्तान में कानूनी रूप से रहने की अनुमति के बावजूद योजना के दूसरे चरण में वापस भेजा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट ने पीओआर धारी अफगान नागरिकों को जून तक देश में रहने की अनुमति दी है और उन्हें तुरंत निर्वासित न कर इस्लामाबाद और रावलपिंडी से बाहर ले जाया जाएगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,